# अनलॉक के निर्देशों का पालन न होने शहर में 25 दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई हुई

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

*कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत बुधवार को 187 लोगों के विरुद्ध बिना मास्क पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 18700 रूपए की पेनल्टी वसूली गई। इसी प्रकार 25 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 23900 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में कार्यरत थाना वार टीमों ने उक्त कार्रवाई की।*



रतलाम शहर के पुलिस थाना माणकचौक अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी अधिकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप गोगादे के साथ पुलिस विभाग का अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी तैनात किए गए हैं। यह टीम प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक जिला परियोजना अधिकारी बी.एल. पाटीदार एवं टीम तैनात रही। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 30 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 3000 तथा 2 दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही पर 5500 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

पुलिस थाना दीनदयाल नगर अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी जिला पंजीयक श्री.पी. वाजपेयी के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा इसी थाना क्षेत्र में टीम प्रभारी परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तैनात रहे। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 45 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 4500 रुपए पेनल्टी वसूली गई तथा 14 दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 1400 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीम प्रभारी एस डी ओ लोक निर्माण विभाग सी.के. राय के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं टीम प्रभारी उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. मनोज शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक तैनात रहे। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 68 व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 6800 रूपए की पेनल्टी वसूली गई तथा 6 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 12500 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

इसी तरह पुलिस थाना स्टेशन रोड के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र में प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीम प्रभारी श्री बाबे प्रबंधक पीआईयू के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहे, इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक टीम प्रभारी महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहा। इस टीम द्वारा मंगलवार को 44 व्यक्तियों पर बिना मास्क की कार्रवाई करते हुए 4400 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई तथा तीन दुकानों पर जुर्माना की कार्रवाई करते हुए 4000 रूपए जुर्माना वसूला गया तथा एचडीएफसी बैंक के विरुद्ध 500 रूपए का जुर्माना किया गया।

प्रसारण 3/6/21

## कोविड मृतकों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति में एक पेंच

# जीएडी का नियम... यदि बेटा है तो विवाहित बेटी को अनुकंपा नौकरी नहीं

### दो विभागों में उलझा सांख्यिकी आयुक्त राठौर के परिजनों की अनुकंपा नियुक्ति का मामला

पॉलिटिकल रिपोर्टर | भोपाल

कोरोना से जान गंवाने वाले सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति में सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के नियम आड़े आ रहे हैं। योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग में आयुक्त रहे आरएस राठौर की 20 अप्रैल को कोरोना से मौत के बाद उनके परिवार के किसी सदस्य को नौकरी नहीं दी गई। इसकी वजह बताई कि पात्र सदस्य विवाहित पुत्री है, जबकि परिवार ने सहमति के बाद विवाहित पुत्री को नौकरी देने के लिए विभाग को आवेदन किया था। 5 मई को योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग ने यह मामला जीएडी को भेजा। जीएडी ने अपने अनुकंपा नियुक्ति नियमों का हवाला देते हुए फाइल सांख्यिकी विभाग को लौटा दी। इसमें कहा गया कि चूंकि मृतक के परिवार में पुत्र है, इसलिए विवाहित पुत्री को नौकरी की पात्रता नहीं है।

### दो साल पहले हाईकोर्ट ने इसे लैंगिग भेदभाव कहा था, फिर भी जीएडी ने नहीं बदला नियम

अब इस मामले में सांख्यिकी विभाग ने विधि विभाग से राय मांगी है। विभाग ने 2019 में हाईकोर्ट के फैसले की प्रति भी लगाई है, जिसमें कहा गया है कि अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में लैंगिक आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। ऐसा भेदभाव संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। कोर्ट के फैसले के दो साल बाद भी जीएडी ने नियम नहीं बदले हैं। योजना एवं सांख्यिकी विभाग के आयुक्त अभिषेक सिंह के मुताबिक अनुकंपा नियुक्ति के नियमों का परीक्षण करा रहे हैं। जीएडी से भी अभिमत मांगा गया है। प्रदेश में अभी अनुकंपा नियुक्ति के 30 हजार से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं।

दै. भास्कर

3/6/21

# 3 साल की हेल्थ प्लानिंग करें : कलेक्टर

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम में अपनी पहली समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि हमारा लक्ष्य पब्लिक डिलीवरी सिस्टम को सरल और मजबूत बनाना है। हमारा यह

## ▸ कलेक्टर ने समयावधि पत्र की समीक्षा बैठक ली

दायित्व है कि अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं। हमारी भूमिका और उद्देश्य भी यही है। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गेहलोत सहित समस्त जिलाधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने कहा कि हर विभाग नवाचार करें। अपने कार्य को बेहतर करने के साथ कुछ ऐसा भी कार्य करें जो सिर्फ दिखाने के लिए नहीं हो बल्कि उससे स्वयं को भी संतोष मिले। यह स्वांत: सुखाय उपलब्धि हमारी कार्य



क्षमता को भी बढ़ाएगी और हमें आत्मिक सुकून भी देगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष ध्यान दें, खासतौर से ऐसी योजनाएं जिन से सीधे जनता लाभान्वित होती है, उनमें किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन के निर्देशानुसार हमें अपने जिले की अगले 3 साल की हेल्थ प्लानिंग करना है। रतलाम जिले में अगले 3 वर्षों के दौरान 47 विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य केंद्र बनना है। इसके लिए सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा केंद्र संबंधी प्राथमिकताओं का निर्धारण करें। जितनी अच्छी हमारी प्लानिंग होगी उतना ही बेहतर हमारा सेटअप होगा।

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बेहतर होना चाहिए

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। शासकीय भवनों की कंस्ट्रक्शन क्वालिटी बेहतर हो इसका सभी ध्यान रखें। जमीन आवंटन संबंधी जिस भी विभाग को जो समस्या हो, वह उसे दूर करें। जमीन के कारण कोई भी विकास कार्य नहीं रुकना चाहिए। सभी जिलाधिकारी ?मीन आवंटन संबंधी नियमों को समझें और उसी अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों, छात्रावास भवन विद्यालय में शौचालय आदि के जितने भी कार्य पेंडिंग है उन्हें समय सीमा में पूर्ण करने के लिए योजना बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जो काम जितनी समयावधि में पूर्ण होना निर्धारित है, उसे उतनी ही समयावधि में पूर्ण होना चाहिए।

## निर्देश: शहर की सफाई व्यवस्था सुधारें

कलेक्टर पुरुषोत्तम ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है ,इसे सुधारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी शहर सरकार की बेहतर योजनाओं का आईना होता है। शहर में विकास कार्य और स्वच्छता दिखेगी तो योजनाओं का क्रियान्वयन भी नागरिक महसूस करेंगे। उन्होंने सैलाना नगर की सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की व्यवस्था रतलाम शहर में भी की जानी चाहिए।

नवभारत 3/6/21

# निर्देशों का पालन न होने पर शहर में हुई कार्रवाई

## लुणावत प्लाजा में 8 दुकानें सील, बैंक ऑफ बड़ौदा के विरुद्ध जुर्माना

रतलाम। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत एवं राज्य शासन द्वारा कोरोनावायरस की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जारी दिशा निर्देशों का पालन करवाने हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा रतलाम शहर में थाना क्षेत्रवार अधिकारियों, कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई है। इन टीमों द्वारा मंगलवार को रतलाम शहर में सघन कार्रवाई करते हुए 124 व्यक्तियों के विरुद्ध बिना मास्क पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 12400 रुपये की पेनल्टी वसूली गई। 34 दुकानों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 33500 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। एक दुकान को सील किया गया तथा धारा 188 के अंतर्गत 6 के विरुद्ध एफ.आई.आर. की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर श्री अभिषेक गेहलोत एवं सीएसपी श्री हेमंत चौहान द्वारा घास बाजार स्थित लुणावत प्लाजा में 8 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। भीड़ अधिक होने के कारण बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 5000 रुपये का जुर्माना किया गया। रतलाम शहर के पुलिस थाना माणकचौक अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी अधिकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री प्रदीप गोगादे के साथ पुलिस विभाग का अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी तैनात किए गए हैं। यह टीम प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक तथा इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक जिला परियोजना अधिकारी श्री बी.एल. पाटीदार एवं टीम तैनात रही। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 33 व्यक्तियों पर कार्रवाई का 3300 तथा 9 दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही पर 15500 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

पुलिस थाना दीनदयाल नगर अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी जिला पंजीयक श्री पी.पी. बाजपेयी के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक तथा इसी थाना क्षेत्र में टीम प्रभारी परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तैनात रहे। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 13 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 1300 रुपए पेनल्टी वसूली गई तथा 16 दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 2300 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक टीम प्रभारी एसडीओ लोक निर्माण विभाग श्री सी.के. राय के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक एवं टीम प्रभारी उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. मनोज शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक तैनात रहे। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 40 व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 4000 रुपए की पेनल्टी वसूली गई तथा 6 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 13000 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई एवं एक दुकान को सील किया गया।

इसी तरह पुलिस थाना स्टेशन रोड के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र में प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक टीम प्रभारी श्री वापे प्रबंधक पीआईयू के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहे, इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक टीम प्रभारी महाप्रबंधक उद्योग श्री मुकेश शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहा। इस टीम द्वारा मंगलवार को 38 व्यक्तियों पर बिना मास्क की कार्रवाई करते हुए 3800 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई तथा तीन दुकानों पर जुर्माना की कार्रवाई करते हुए 2700 रुपए जुर्माना वसूला गया।

सभी टीमें एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत के नेतृत्व में कार्य कर रही है। यह टीमें रतलाम शहर मेंआदेश का उल्लंघन करने वालों, बिना मास्क लगाए घूमने एवं गलत तरीके से मास्क लगाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करेंगी, निर्धारित समय के पश्चात आवश्यक सेवाओं की दुकानें खुली पाए जाने पर उन्हें सील कर संबंधित संचालक के विरुद्ध विधि नियमानुसार धारा 188 की कार्रवाई तथा समय-समय पर कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएंगी। स्वदेश

स्वदेश रतलाम
3/6/21

# सराफा में दो सौ करोड़ का कारोबार प्रभावित

## लाकडाउन का असर ● आखातीज, वसंत पंचमी पर नहीं हुआ कामकाज

विवेक बाफना ● रतलाम

कोरोना काल में सिस्टम पर सोना-चांदी की खरीदी-बिक्री जारी है, लेकिन लगातार 55 दिनों से सराफा बाजार पूरी तरह लाक है। हाजर व्यापार पूरी तरह ठप पड़ा है। महामारी से रतलाम में सराफा कारोबार को करीब 200 करोड़ का कारोबार प्रभावित होने का अनुमान है। सराफा कारोबार में दीपावली, आखातीज, वसंत पंचमी महत्वपूर्ण रहते हैं। इनमें से आखातीज और वसंत पंचमी लाकडाउन की भेंट चढ़ गए। अब कारोबारियों को स्थिति सामान्य होने पर नवरात्र से दीपावली पर अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

कुछ बंदिशों व छूट के साथ एक जून से जिला अनलाक हो गया है, लेकिन इसमें सराफा बाजार को किसी प्रकार की छूट नहीं दी गई है। सराफा बाजार पूरी तरह बंद है। सोना-चांदी के आभूषण की बिक्री के लिए आखातीज (अक्षय तृतीया), वसंत पंचमी और इसके आसपास के दिन महत्वपूर्ण रहते हैं, लेकिन दोनों अवसर लाकडाउन की भेंट चढ़ गए। कोरोना की दूसरी लहर में शादियों के आयोजन रुकने व सीमित संख्या में होने से भी सराफा कारोबार ठप रहा। उच्च गुणवत्ता व शुद्धता के लिए प्रसिद्ध रतलाम सराफा बाजार में सामान्य दिनों में रोजाना दो करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होता है। नवरात्र, दीपावली, आखातीज, वसंत पंचमी पर कामकाज पांच गुना बढ़कर 10 करोड़ तक पहुंच जाता है।

व्यवसायी प्रतीक जैन ने बताया कि पूरे वर्ष में जेवर की बिक्री के लिहाज से अप्रैल और मई माह में लगातार व्यापार चलता है। आखातीज, वसंत पंचमी के दिनों में ग्रामीण अंचल की ग्राहकी चरम पर रहती है। सराफा से जुड़े सभी लोगों के लिए ये दोनों माह बहुत महत्वपूर्ण रहते हैं। कोरोना के चलते लागू लाकडाउन से दोनों माह की बिक्री शून्य रही है। शादी-ब्याह व अन्य मांगलिक आयोजन टलने से कई ग्राहकों ने पहले से दिए आर्डर भी कैंसल कर दिए।




### चांदी में 2900 तो सोने में 2700 की तेजी

अनलाक में रतलाम में भले ही सराफा बाजार नहीं खुला है, लेकिन देश-प्रदेश के अन्य स्थानों पर सराफा बाजार खुल गए हैं। रतलाम में नौ मार्च से सराफा बाजार पूरी तरह से बंद है। सिस्टम पर हर दिन लाखों-करोड़ों रुपये के सौदे हो रहे हैं, लेकिन हाजर व्यापार शून्य है। एक जून से प्रदेश में कई स्थानों पर सराफा दुकानें खुलना शुरू हो गई है। इससे हाजर कामकाज शुरू हो गया है। रतलाम में नौ मार्च को चांदी के भाव 68100 रुपये प्रतिकिलो और सोने के भाव 47800 रुपये प्रति 10 ग्राम रहे थे, जो दो जून को बढ़कर क्रमशः 71000 व 50500 रुपये रहे। चांदी में जहां 2900 रुपये किलो की तेजी आई है, वहीं सोने में 2700 रुपये।

### कोरोना की भेंट चढ़ा कारोबार

व्यवसायी ऋषभ संघवी के अनुसार नवरात्र-दीपावली पर शहरी और आखातीज, वसंत पंचमी पर ग्रामीण ग्राहकी अधिक रहती है। गांव की ग्राहकी पूरी तरह लाकडाउन की भेंट चढ़ गई है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य शुरू हो गए हैं। ज्यादातर किसान खेत तैयार कर खाद, बीज, दवा खरीदी के इंतजाम में जुटे हैं। फिर भी शासन-प्रशासन को कोविड का पालन कराते हुए सराफा दुकानें खोलने की अनुमति देना चाहिए। सराफा बंद रहने से हजारों लोग दो माह से घर बैठे हैं। आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह डगमगा गई है।



### हालमार्किंग के लिए ढांचा तैयार नहीं

रतलाम सराफा एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य व व्यापारी कीर्ति बड़जात्या कहते हैं कि अप्रैल-मई में सीजन के अहम दिन निकल चुके हैं। स्थिति सामान्य होने पर नवरात्र-दीपावली पर अच्छी ग्राहकी उम्मीद है। शासन-प्रशासन को कोरोना से बचाव के साथ आर्थिक गतिविधियों पर भी ध्यान देना चाहिए।



उन्होंने बताया कि सरकार देश में हालमार्किंग अनिवार्य कर रही है, लेकिन ढांचा तैयार नहीं किया गया है। देशभर के सराफा कारोबारी हालमार्किंग के पक्ष में नहीं है। पहले ही जीएसटी की कई विसंगतियां दूर नहीं हुई है और अब हालमार्किंग की अनिवार्यता का दबाव बनाया जा रहा है। इससे व्यापारियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

## अस्थाई पात्रता पर्ची के आवेदनों पर कार्यवाही की तिथि 5 जून तक बढ़ाई गयी

भोपाल, निप्र। प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्री फैज अहमद किदवई ने बताया कि अस्थाई पात्रता पर्ची के लिए 31 मई 2021 तक प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही की तिथि 5 जून तक बढ़ा दी गई है। इस अवधि में नए आवेदन प्राप्त नहीं किए जाएंगे। निर्धारित अवधि 31 मई तक प्राप्त आवेदनों में से एक लाख 17 हजार 418 परिवारों से प्राप्त आवेदनों को ही पोर्टल पर चढ़ाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक 18 हजार 829 आवेदन ग्वालियर के हैं, जबकि दतिया, बुरहानपुर एवं आगर-मालवा में कोई आवेदन पेंडिंग की श्रेणी में नहीं है।

प्रमुख सचिव श्री किदवई ने बताया कि इस संबंध में शासन द्वारा कार्यादेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा कोरोना संक्रमण के दौरान गरीबों को माह का निःशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है। इनमें ऐसे हितग्राही जिनके पास पात्रता पर्ची नहीं होने के कारण वे निःशुल्क राशन प्राप्त नहीं कर पा रहे थे, उन्हें अस्थाई पात्रता पर्ची के माध्यम से 5 माह का राशन वितरित किया जाना है।

## दूध विक्रेताओं को फ्रंट लाइन वर्कर घोषित किया जाए

रतलाम। प्रशासन द्वारा निर्धारित समय पर घर-घर पहुंच कर दूध के रूप में अपनी सेवा देने वाले दूध विक्रेताओं को प्रथम पंक्ति कार्यकर्ता मानकर दूध विक्रेताओं के लिए भी प्रथक से वैक्सीनेशन कैंप लगवाया जाए, ताकि दूध विक्रेता भी कोरोना रूपी महामारी से बचे रहें। उक्त मांग समस्त दूध विक्रेता गणों की ओर से दूध विक्रेता संघ के मुरलीधर गुर्जर ने शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत से की है।

मुरलीधर गुर्जर ने बताया कि दूध विक्रेता गण समाजसेवियों की तरह ही समय पर दूध उपलब्ध कराने के साथ-साथ कुछ-कुछ परिवारों की आर्थिक स्थिति को समझ कर भी परिवार के सदस्य की तरह अपनी सेवाएं निरंतर देते जा रहे हैं, इसलिए दूध विक्रेताओं के हित में उक्त शिविर अत्यंत आवश्यक है, इसलिए दवाई, पेट्रोल पंप व गैस वितरकों की तरह ही दूध विक्रेताओं के लिए भी प्रथक से शिविर लगाया जाए। उक्त मांग पर शहर एस डी एम ने निश्चित ही सराहनीय सहयोग का आश्वासन दिया है।

## शहर में टीकाकरण लिए दो अतिरिक्त सेशन

रतलाम। सी एम एच ओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम शहर में 3 जून 2021 के कोविड टीकाकरण के लिए 18-44 वर्ष के टीकाकरण लिए दो अतिरिक्त सेशन लगाए जाना है। इसके लिए प्रि-ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के लिए साइट 3 जून को प्रातः 8 से 8.30 बजे खोला जाएगा। रतलाम शहर में 4 जून को 18 से 44 वर्ष आयु समूह के टीकाकरण के लिए दिनांक प्रि ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के लिए साइट 3 जून को प्रातः 10 से 10.30 बजे के बीच खोला जाएगा।

3/6/21



# हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं। हमारी भूमिका और उद्देश्य भी यही है-कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम में अपनी पहली समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि हमारा लक्ष्य पब्लिक डिलीवरी सिस्टम को सरल और मजबूत बनाना है। हमारा यह दायित्व है कि अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं। हमारी भूमिका और उद्देश्य भी यही है। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गेहलोत सहित समस्त जिलाधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि हर विभाग नवाचार करें। अपने कार्य को बेहतर करने के साथ कुछ ऐसा भी कार्य करें जो सिर्फ दिखाने के लिए नहीं हो बल्कि उससे स्वयं को भी संतोष मिले। यह 'स्वांत: सुखाय' उपलब्धि हमारी कार्य क्षमता को भी बढ़ाएगी और हमें आत्मिक सुकून भी देगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष ध्यान दें खासतौर से ऐसी योजनाएं जिन से सीधे जनता लाभान्वित होती है, उनमें किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए।

**अगले 3 साल की हेल्थ प्लानिंग करें-कलेक्टर**

वर्षों के दौरान 47 विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य केंद्र बनना है। इसके लिए सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा केंद्र संबंधी प्राथमिकताओं का निर्धारण करें। जितनी अच्छी हमारी प्लानिंग होगी उतना ही बेहतर हमारा सेटअप होगा।

**जरूरत के समय अवसर मिले ऐसा कौशल विकसित करें**-कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले में हर ट्रेड का एक पूल बनाएं। शासन द्वारा निर्धारित 6 विभिन्न कैटेगरी के अंतर्गत युवाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जाना है। इसके लिए ऐसे युवकों को चुने जो इन ट्रेड में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। ऐसा करने से जरूरत के समय उन्हें अवसर मिलेंगे और इनके कौशल का उपयोग भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान स्वास्थ्य सुविधा से जुड़े कौशल की काफी आवश्यकता रही। इसे दृष्टिगत रखते हुए युवाओं को ऐसे कौशल की तरफ प्रेरित करें।

**पोषण आहार कार्यक्रम में गंभीरता बरतें**-कलेक्टर पुरुषोत्तम ने महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी को निर्देशित किया कि पोषण आहार कार्यक्रम में पूरी गंभीरता बरतें। पोषण

**आधे काम के बाद संशोधन** • जमीन तल के अलावा तीन मंजिला कॉम्प्लेक्स में सभी खेल सुविधाओं की व्यवस्था होना थी

# नेहरू स्टेडियम की योजना बदली, सिर्फ छह कमरे बनेंगे, बदले में दो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आकार लेंगे

## छह साल में दूसरी बार अड़ंगा, जिला खेल प्रकोष्ठ करेगा विरोध

भास्कर संवाददाता | रतलाम

खिलाड़ियों के लिए उम्मीद बन चुकी नेहरू स्टेडियम की जगह बहुमंजिला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की योजना बंद हो गई है। यहां 3.64 करोड़ के खर्च से जमीन तल के अलावा तीन मंजिला सभी खेलों की सुविधा वाला कॉम्प्लेक्स नहीं बनेगा। ग्राउंडफ्लोर पर 6 बड़े कमरे, टॉयलेट ब्लॉक व पहली मंजिल पर 820 दर्शक क्षमता वाला पैवेलियन बन चुका है। दरअसल, इसके बदले दो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेंगे।

अब टिन शेड तानकर नया स्टेडियम बना देंगे। 2.25 से 2.50 करोड़ खर्च होंगे। आधा काम भी अधूरा होने के पहले निगम ने डीपीआर बदल दी। छह साल में दूसरा मौका है जब योजना में बदलाव हुआ। इंजीनियर विकास मरकाम ने बताया नई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट आ गई है। अभी उसके अनुसार काम चल रहा है। ग्राउंड फ्लोर के कमरे और पैवेलियन बनकर तैयार है। लगभग 650 से ज्यादा खिलाड़ी प्रैक्टिस करने यहां आते थे। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद यह संख्या आधी रह गई है।

## रत्नपुरी रूपांतर प्रोजेक्ट के पिटारे से निकले दो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्लान ने बदली योजना

- रत्नपुरी रूपांतर प्रोजेक्ट में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए सैलाना रोड स्थित नंदलाई फंटे पर बनेगा। नई और ज्यादा जगह होने से यहां व्यवस्थित बनेगा। इसके लिए 5 हेक्टेयर भूमि आरक्षित हो चुकी। 14 करोड़ रुपए की लागत वाली योजना बन रही है। इसमें इनडोर व आउटडोर सभी गेम्स, खिलाड़ी व कोच के लिए भी कमरे होंगे।
- पुराने मांटेसरी स्कूल की बिल्डिंग जमींदोज करने के बाद खाली हुई जगह पर नगर निगम वुमेन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बना रहा है। इस पर 72 लाख 68 हजार रुपए खर्च होंगे। टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।



डीपीआर बदलने पर बनने के बाद बाहर से ऐसा दिखेगा नेहरू स्टेडियम।

### स्टेडियम के नाम पर यह बनेगा

- **ग्राउंड फ्लोर** - 6 बड़े कमरे, टॉयलेट ब्लॉक, पैवेलियन जाने के लिए सीढ़ियां, प्रवेश-निकासी द्वार।
- **फर्स्ट फ्लोर** - एंट्रेंस लॉबी, दोनों तरफ 820 दर्शक क्षमता वाला 16 सीटिंग स्टेप पैवेलियन, सबसे ऊपर व बीच में कॉरिडोर।

### प्रोजेक्ट से ये काम हो गए बाहर

- **सेकंड फ्लोर** - सीटिंग एरिया रहेगा, दस सीटिंग स्टेप बनेंगे, 700 से ज्यादा दर्शक बैठ सकेंगे, आने-जाने के लिए सबसे पीछे कॉरिडोर रहेगा।
- **थर्ड फ्लोर** - रेसलिंग, टेबल टेनिस, जूडो-कराते और एक मल्टी पर्पज हॉल, एक कॉरिडोर व दोनों तरफ टॉयलेट ब्लॉक की सुविधा रहेगी।


*पांच-छह साल हो गए एक स्टेडियम पूरा नहीं बना पा रहे हैं। मैदान में प्रैक्टिस करने आ रहे खिलाड़ी भी परेशान हो रहे हैं। खेल मंत्री को पत्र लिखकर शिकायत करेंगे।*
**यतेंद्र भारद्वाज,** अध्यक्ष-जिला खेल प्रकोष्ठ

*खिलाड़ियों की सुविधा को देखते हुए काम होना चाहिए। स्टेडियम में साल में कई बड़े टूर्नामेंट होते थे। अधूरा काम होने से वे नहीं हो पा रहे हैं। जिम्मेदारों से बात करेंगे।*
**मयंक जाट,** जिलाध्यक्ष-युवक कांग्रेस

### योजना की अब तक स्थिति

- पहली डीपीआर 2015 में बनी थी। इसे तत्कालीन मेयर इन कांउसिल ने मंजूरी भी दे दी थी।
- 2016 में तत्कालीन कलेक्टर बी. चंद्रशेखर ने कॉम्प्लेक्स बनाने का दावा करते हुए प्रक्रिया रोक दी।
- 2017 मल्टी लेवल कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए दिल्ली, मुंबई के खेल विशेषज्ञ भी आए। कलेक्टर चंद्रशेखर का तबादला हो गया।
- 2018-19 में वापस स्टेडियम बनाने का फैसला हुआ। फिर टेंडर निकाले।
- मार्च 2019 में पुराना जर्जर स्टेडियम जमींदोज कर नया बनाने की शुरुआत हुई। पहले लोकसभा चुनाव फिर बारिश के कारण जुलाई में काम रुक गया, जो अक्टूबर में चालू हो पाया।
- मार्च 2020 तक लगातार काम चला, जिसमें ग्राउंड फ्लोर के कमरे और पैवेलियन का ढांचा तैयार हो गया फिर लॉकडाउन लग गया।

दै. भास्कर



# सिविल हॉस्पिटल में आक्सीजन प्लांट लगाने की कार्यवाही शुरू

**प्रसारण न्यूज • जावरा**

सिविल हॉस्पिटल जावरा परिसर में आक्सीजन प्लांट लगाने की कार्यवाही शुरू हो गई । प्लांट स्थापना के कार्य का निरीक्षण विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राहुल धोटे, ब्लॉक मेडिकल आफिसर डॉ. दीपक पालड़िया उपस्थित रहे।

प्लांट की टेस्टिंग का कार्य किया जाएगा। विधायक डॉ. पांडेय ने प्लांट के इंजीनियर से चर्चा की। प्लांट स्थापना व टेस्टिंग के बाद इसका शुभारंभ किया जाएगा।

# जिला चिकित्सालय में लगेगा आक्सीजन प्लांट

जिला चिकित्सालय में भी

# ऑक्सीजन प्लांट के लिए जिला अस्पताल में दिल्ली से पहुंची मशीन, कोविड वार्ड में होगी सुविधा, प्रति मिनट 500 लीटर तक की क्षमता

शासन ने जिला अस्पताल में 20 बेड के आईसीयू वार्ड के साथ ऑक्सीजन प्लांट भी स्वीकृत किया था, एक हफ्ते में शुरुआत संभव


भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिला अस्पताल से बुधवार को राहतभरी खबर मिली है। अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के लिए मशीनें पहुंच गई हैं। ये मशीन दिल्ली से आई हैं। मशीनें नहीं पहुंचने से अब तक काम अटक रहा था। इसे लेकर विधायक चेतन्य काश्यप ने मुख्यमंत्री से भी चर्चा की थी। अब एक सप्ताह में यह प्लांट शुरू हो सकता है, इसका बड़ा फायदा कोविड वार्ड के मरीजों को होगा, वहां बार-बार ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं बदलना होंगे।

बुधवार को यह मशीनें अस्पताल में पहुंचीं। अस्पताल परिसर में ट्रामा सेंटर के पास शेड पहले ही बना लिया गया था लेकिन मशीनों का इंतजार हो रहा था। दिल्ली की ऑक्सटैम कंपनी द्वारा दो ट्रक में मशीनें पहुंचीं। प्लांट की क्षमता 27 मीटर क्यूब यानी 500 लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन देने की है। प्लांट को खास तौर पर कोविड वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए लगाया गया है।

## बैंगलुरू से सीटी स्कैन मशीन भी जल्द मिलेगी : विधायक चेतन्य काश्यप

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया शासन ने जिला अस्पताल में 20 बेड के आईसीयू वार्ड के साथ ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत किया था। वीसी में सीएम से ऑक्सीजन प्लांट जल्द लगाने का आग्रह किया था। शेड तैयार हो चुका है, अभी केवल कोविड केयर सेंटर तक लाइन बिछाना बाकी है। लाइन का काम पूरा होते ही प्लांट शुरू हो जाएगा। वहीं जिला अस्पताल में बैंगलुरू से सीटी स्कैन मशीन भी जल्द आ जाएगी। इसकी स्थापना के सभी काम पूरे हो गए हैं। रेडिएशन संबंधी अनुमति भी मुंबई से मिल गई है। मशीन लगने के बाद कोविड मरीजों के उपचार में आसानी होगी।



बुधवार को ऑक्सीजन प्लांट के लिए मशीनें लगाई गईं।


## अभी अस्पताल में 200 से 300 सिलेंडर की खपत

जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. योगेश नीखरा ने बताया कि अभी अस्पताल और उनसे जुड़ी यूनिटों में 200 से 300 सिलेंडर की खपत है। कोविड वार्ड में भी ऑक्सीजन सिलेंडर से काम चल रहा था। जो बार-बार बदलना पड़ते हैं। प्लांट से मिलने वाली ऑक्सीजन सिलेंडर के मुकाबले ज्यादा शुद्ध रहती है वहीं प्रेशर कम होने की समस्या भी नहीं होती। अभी ऑक्सीजन लाइन बिछाने का काम होना है, सप्ताह-भर में प्लांट की शुरुआत हो सकती है।

दै. भास्कर
3/6/21

२

# सुबह से खड़े विक्रेताओं को दोपहर में बताया पंजीयन बंद है



नगर निगम परिसर में फल-सब्जी विक्रेताओं के साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया। ● नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अनलाक में फेरी लगाकर फल व सब्जी बेचने के लिए प्रशासन द्वारा पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। नगर निगम के जोन कार्यालयों पर पंजीयन की व्यवस्था 30 मई से की गई थी। इधर बुधवार को सुबह छह बजे से विक्रेता पंजीयन कराने के लिए कतार में लगे रहे और दोपहर करीब 12 बजे उन्हें बताया गया कि पंजीयन बंद कर दिया है। कालिका माता उद्यान स्थित कार्यालय, अमृत सागर सहित अन्य स्थानों पर भी यही हालात रहे।

परेशान विक्रेता पहले कलेक्टोरेट और बाद में निगम कार्यालय पहुंचे और नाराजगी जाहिर की। निगम कार्यालय में उपायुक्त विकास सोलंकी से विक्रेताओं ने चर्चा करना चाही, लेकिन समाधान नहीं निकला। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पूर्व पार्षद रजनीकांत व्यास, कांग्रेस नेता विजयसिंह चौहान, हितेश पैमाल आदि मौके पर पहुंचे और विक्रेताओं की समस्या सुनकर उपायुक्त सोलंकी से चर्चा की। इसके बाद शेष रह गए विक्रेताओं की सूची बनाकर पंजीयन करने की व्यवस्था की गई। कटारिया ने बताया कि शाम तक 75 विक्रेताओं का पंजीयन हो गया था। छोटे वर्ग के इन विक्रेताओं के लिए प्रशासन को सुविधा देना चाहिए, अचानक पंजीयन बंद करना गलत है।

नईदुनीया 3/6/21

# पंजीयन के लिए दोपहर तक धूप में परेशान हुए फल-सब्जी विक्रेता

## कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने मौके पर पहुंच दिलाई राहत

# भूजल स्तर वृद्धि के लिए चले वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और पौधरोपण अभियान-पूर्व महापौर डागा

रतलाम । वर्षाकाल का आगमन नजदीक है, इसे देखते हुए भूजल स्तर में वृद्धि के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और पौधरोपण का सघन अभियान शुरू किया जाए, इससे पर्यावरण संतुलन बनाने में मदद मिलेगी।

यह मांग पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से की है। श्री डागा ने बताया कि शहर एवं जिले के विकास हेतु पानी की उपलब्धता और पर्यावरण की सुरक्षा आवश्यक है। शहर एवं जिले में पिछले कुछ वर्षों से जल संकट और प्रदुषण लगातार बढ़ रहा है। इससे कई समस्याएं उपज रही है। उन्होंने कहा कि एक पखवाड़े बाद मानसून का आगमन होने वाला है, यदि इससे पूर्व वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दिया जाए और सभी भवनों पर रिचार्ज सिस्टम लगवाएं जाएं तो भूजल स्तर में काफी वृद्धि हो सकती है। श्री डागा ने बताया कि वाटर हार्वेस्टिंग प्रति व्यक्ति की आवश्यकता अनुसार जल संग्रहण करने में सहायक है। इसमें अधिक राशि भी खर्च नहीं होती इसलिए नगर निगम एवं जिला प्रशासन स्तर पर सर्वप्रथम सभी शासकीय भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाए। इसी प्रकार पौधरोपण के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए और जगह-जगह विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगवाए जाए, ताकि पर्यावरण संतुलन कायम हो सके। उन्होंने कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम से से इस संबंध में यथाशीघ्र कदम उठाने का आग्रह किया है, ताकि मानसून आने पर शहर और जिले को भूजल स्तर में वृद्धि के लाभ के साथ अच्छा वातावरण मिल सके।

स्वदेश रतलाम
3/6/21

# पंजीयन बंद होने से नाराज विक्रेता, कटारिया ने निगमायुक्त से चर्चा कर शुरू करवाया पंजीयन



रतलाम। अपना पंजीयन नहीं होने से नाराज फल विक्रेताओं ने नगर निगम पहुंचकर अपनी समस्याओं को रखा। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बाद में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पहुंचकर अधिकारियों से चर्चा कर पंजीयन करवाया।

नगर निगम द्वारा लॉकडाउन खोलने के पश्चात मोहल्लों में फेरी लगाकर सब्जी व फल बेचने हेतु विक्रेताओं का पंजीयन किया जा रहा है।

कालिका माता स्टेज पर हो रहे पंजीयन दोपहर बाद नहीं

**सूची बनाकर शेष रहे विक्रेताओं को पंजीयन करवाया**

किया गया, जिससे कई गरीब सब्जी विक्रेता शेष रह गए थे। नगर निगम में बार-बार गुहार लगाने के पश्चात भी उनके रजिस्ट्रेशन नहीं किए जा रहे थे। वह अपनी समस्या शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं प्रदेश सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास को बताई। श्री कटारिया ने इस संबंध में निगम आयुक्त एवं उपायुक्त से बात कर मानवता को ध्यान में रखते हुए सभी का पंजीयन करने की मांग की। जिस को मानते हुए नगर निगम द्वारा पुनः सूची बनाकर शेष बचे हुए विक्रेताओं का पंजीयन किया।

अग्निबाण

01/06/21
3/6/21

पंजीयन बंद होने से नाराज विक्रेताओं ने कांग्रेस से लगाई मदद की गुहार

# कटारिया ने निगम आयुक्त झारिया एवं उपायुक्त सोलंकी से चर्चा कर शुरू करवाए शेष फल विक्रेताओं के पंजीयन



प्रसारण न्यूज़ ◆ रतलाम

नगर निगम द्वारा लॉकडाउन खोलने के पश्चात मोहल्लों में फेरी लगाकर सब्जी व फल बेचने हेतु विक्रेताओं का पंजीयन किया जा रहा है। कालिका माता स्टेज पर हो रहे पंजीयन दोपहर बाद नहीं किया गया, जिससे कई गरीब सब्जी विक्रेता शेष रह गए थे। नगर निगम में बार-बार गुहार लगाने के पश्चात भी उनके रजिस्ट्रेशन नहीं किए जा रहे थे। वह अपनी समस्या शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं प्रदेश सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास को बताई। श्री कटारिया ने इस संबंध में आयुक्त श्री झारिया एवं उपायुक्त विकास सोलंकी से बात कर मानवता को ध्यान में रखते हुए सभी का पंजीयन करने का आग्रह किया, जिस को मानते हुए नगर निगम द्वारा पुनः सूची बनाकर शेष बचे हुए विक्रेताओं का पंजीयन किया। सभी सब्जी फल विक्रेताओं ने इस संबंध में शहर कांग्रेस पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

प्रसारण

# बदला मौसम का मिजाज, चली तेज हवाएं



**रतलाम.** रतलाम में भी मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदल गया है। दिनभर तेज धूप और गर्मी के बाद शाम को मौसम बदलाव और तेज हवाओं का दौर शुरू हो गया। मौसम विभाग के अनुसार उस दिन का तापमान 41.2 डिग्री रहा जो कि मंगलवार से एक डिग्री अधिक है, वहीं रात का तापमान 26.6 डिग्री रहा। मौसम में आए बदलाव के चलते तेज हवा से कॉलेज रोड क्षेत्र में पेड़ की डगाल टूटकर बिजली के तारों पर गिर गई जिसके चलते बड़ा हादसा टल गया। डगाल को उतारने के प्रयास किए गए जब जाकर वह नीचे आ सकी।

पत्रिका
3/6/21

# प्रमुख वर्गों के वैक्सीनेशन के लिए विशेष शिविर शुरू


**रतलाम।** शहर में औद्योगिक संस्थाओं के कर्मचारियों, बैंक कर्मचारी, रेलवे कर्मचारी, मंडी व्यापारी, हम्माल, तुलावटी मंडी कर्मचारियों आदि का वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

एसडीएम अभिषेक गहलोत ने बताया कि इसी क्रम में शहर में अन्य व्यवसायिक संगठन अपने सदस्यों की पूरी सूची कार्यालय में प्रदान करें। व्यवसायिक गतिविधियों व होम डिलीवरी कर रहे कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन लगाई जाएगी। सूची में व्यक्ति का नाम, उम्र, मोबाइल नंबर एवं आधार नंबर होना आवश्यक है। जिसकी सूची पहले प्राप्त होगी उसे प्राथमिकता के आधार पर विशेष कैंप आयोजित कर वैक्सीनेशन का लाभ दिया जाएगा।

**18 से 44 वर्ष वर्ग में दो दिन विशेष सेशन:** सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम शहर में तीन जून को 18-44 वर्ष के टीकाकरण लिए दो अतिरिक्त सेशन लगाए जाना है। प्री आनलाइन स्लाट बुकिंग के लिए साइट तीन जून को प्रात: 8.00 से 8.30 बजे खोली जाएगी। चार जून की बुकिंग तीन जून को प्रात: 10.00 से 10.30 बजे के बीच की जा सकेगी।

**रेल कर्मचारियों के लिए कैंप आज**

**रतलाम।** वेस्टर्न रेलवे एंप्लाइज यूनियन के मंडल मंत्री मनोहर सिंह बारठ ने वैक्सीनेशन कैंप लगाने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखने के बाद बुधवार को एडीएम जमुना भिडे से मिलकर अवगत कराया कि रेलकर्मी भी फ्रंटलाइन में आते हैं, इसलिए वैक्सीन लगाने में प्राथमिकता दी जाए। अब गुरुवार को डीआरएम स्थित एनक्सी हाल में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कैंप लगाकर रेलकर्मियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। चर्चा के दौरान सहायक मंडल महामंत्री नरेंद्रसिंह सोलंकी, मंडल कोषाध्यक्ष शैलेष तिवारी, मंडल कार्यालय शाखा सचिव एवं मंडल प्रवक्ता अशोक तिवारी उपस्थित रहे।



एडीएम जमुना भिडे से चर्चा करते हुए वेरेएयू के पदाधिकारी। • नईदुनिया

**बैंक कर्मचारियों के लिए कालिका माता हाल में कैंप:** बैंक कर्मचारियों को कालिका माता सेवा मंडल हाल में गुरुवार सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक वैक्सीनेशन किया जाएगा। 18 से 45 वर्ष के कर्मचारी टीका लगवा सकेंगे।

**समस्याओं के निदान की मांग**


रतलाम। अध्यापक-शिक्षक संवर्ग की आठ सूत्री स्थानीय समस्याओं को लेकर एसडीएम व आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त एमएल आर्य को ज्ञापन दिया गया। सहायक संचालक प्रीति जैन को भी ज्ञापन की प्रति देकर चर्चा की गई। दोनों अधिकारियों ने कहा कि समस्याओं को शीघ्र हल करवाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर डीईओ की अनुपस्थिति में सहायक के रूप में ज्योतिनारायण त्रिवेदी को पत्र दिया गया। ज्ञापन देते समय चरणसिंह चौधरी, बद्रीलाल चौहान, उमेश सुथार, वीरेंद्रकुमार दामा, नरेंद्रसिंह जाट आदि उपस्थित रहे।

3/6/21

**ये कैसा अनलॉक...** कई स्थानों पर नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए लोग

# ऐसे उमड़ रही भीड़ जैसे खत्म हो गया कोरोना

लगातार



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित

## ऐसे ही हाल रहे तो मरीजों के बढ़ने पर फिर करना पड़ेगा सब कुछ बंद

रतलाम. बीते 53 दिनों के बाद 1 जून से रतलाम में दी गई छूट का शहरवासी नाजायज फायदा उठाते नजर आ रहे हैं। बाजार में इस कदर भीड़ उमड़ रही है जैसे कि कोई त्यौहार आ गया। कई लोग अनावश्यक रूप से बाजार में सिर्फ घूमने के लिए निकल रहे हैं क्योंकि वह बीते डेढ़ माह से घरों में बंद थे लेकिन उनकी यह ना समझी एक बार फिर से शहर और यहां के रहवासियों को संकट में डाल सकती है। हमें यह समझना होगा कि यदि फिर से संक्रमण की रफ्तार बढ़ती है तो हम फिर अपने घरों में कैद हो सकते हैं, इसलिए जरूरत हो तो ही घरों से बाहर आए और शासन प्रशासन के नियमों का पूरी तरह से पालन भी करें।

लोगों के द्वारा जब नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही थी तो पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम भी लगातार शहर में भ्रमण करके ऐसे लोगों पर कार्रवाई करती नजर आई। इसके पूर्व 1 जून को भी बाजार खुलने पर भीड़ नजर आने पर और नियमों को टूटता देख इनके द्वारा कार्रवाई की गई थी लेकिन उसके बाद भी ना लोग सुधर रहे हैं न कुछ दुकानदार। इन लोगों की नासमझी एक बार फिर से संक्रमण की रफ्तार बढ़ा सकती है। शहर में संक्रमण की रफ्तार 5 प्रतिशत से कम जोन पर प्रशासन ने आमजन के हित में बाजार को खोला लेकिन लोग इसका गलत फायदा उठा रहे है।



### जिम्मेदार नजर आए लापरवाह

बिना मास्क के घूमने वाले लोगों पर कार्रवाई का जिन लोगों पर जिम्मा है, वे लोग ही लापरवाही बरतते नजर आए। बाजार में लोगों को मास्क लगाने और नियमों का पाठ पढ़ाने वाली पुलिस स्वयं ही एक ही स्थान पर बिना मास्क के नजर आई। इसी स्थान पर एक अन्य पुलिसकर्मी ने भी मास्क ठीक से नहीं लगाया था जबकि इसी बात को लेकर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। यदि जिम्मेदार ही इतने लापरवाह हो जाएंगे तो फिर आम लोगों को वह क्या पाठ पढ़ाएंगे।

### विशेष कैंप लगाकर होगा वैक्सीनेशन

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर इन कर्मचारियों का वैक्सीनेशन विशेष कैंप में किया जा रहा है। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर के व्यवसायिक गतिविधियों से जुड़े कर्मचारियों का वैक्सीनेशन विशेष कैंप में किया जा रहा है। औद्योगिक संस्थाओं के कर्मचारियों, बैंक कर्मचारी, रेलवे कर्मचारी, मंडी व्यापारी, हम्माल, तुलावटी मंडी कर्मचारियों आदि का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में अन्य व्यवसायिक संगठनों से आग्रह किया है कि वे अपने सदस्यों की पूरी सूची प्रदान करें ताकि उनके लिए विशेष कैंप लगाकर सभी कर्मचारियों का वैक्सीनेशन किया जा सके। सूची में व्यक्ति का नाम, उम्र, मोबाइल नंबर एवं आधार नंबर होना आवश्यक है। संगठन अपनी पूरी सूची बनाकर अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर के कार्यालय में शीघ्र प्रस्तुत करें जिसकी सूची पहले प्राप्त होगी, उसे प्राथमिकता के आधार पर विशेष कैंप आयोजित कर वैक्सीनेशन का लाभ दिया जाएगा।

### शहर में टीकाकरण के दो अतिरिक्त सेशन

शहर में 3 जून के कोविड टीकाकरण के लिए 18-44 वर्ष के टीकाकरण के लिए दो अतिरिक्त सेशन लगाए जाना है। इसके लिए प्रि-आनलाइन स्लॉट बुकिंग के लिए साइट 3 जून को सुबह 8 से 8.30 बजे खोला जाएगा। रतलाम शहर में 4 जून को 18 से 44 वर्ष आयु समूह के टीकाकरण के लिए दिनांक प्रि ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के लिए साइट 3 जून को प्रातः 10.00 से 10.30 बजे के बीच खोला जाएगा ।

### नियम तोड़ने पर 25 दुकानों पर जुर्माना

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को 187 लोगों के विरुद्ध बिना मास्क पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 18700 रुपए की पैनल्टी वसूली गई। 25 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 23,900 रुपए का जुर्माना वसूला गया। थाना माणक चौक अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 30 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 3000 तथा 2 दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही पर 5500 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई। पुलिस थाना दीनदयाल नगर अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए बिना मास्क वाले 45 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 4500 रुपए पेनल्टी वसूली गई तथा 14 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 1400 रुपए वसूले। पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत 68 व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 6800 की पेनल्टी वसूली तथा 6 दुकानों के 12500 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई। पुलिस थाना स्टेशन रोड के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र में 44 व्यक्तियों पर बिना मास्क की कार्रवाई करते हुए 4400 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई तथा तीन दुकानों पर जुर्माना की कार्रवाई करते हुए 4000 रुपए जुर्माना वसूला गया तथा एचडीएफसी बैंक के विरुद्ध 500 रुपए का जुर्माना किया गया।

पत्रिका 3/6/21

### कलेक्टर ने समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सभी अधिकारी अपने कार्यालयीन कामकाज के साथ-साथ फिल्ड में भी सक्रिय रहें

## विभाग से संबंधित प्रेजेंटेशन तैयार करें, एक सप्ताह बाद समूहवार समीक्षा होगी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शासन की प्राथमिकता पर हर अधिकारी को काम करना है। बहुत छोटे-छोटे काम बड़ी संख्या में लंबित रहते हैं, यह ठीक नहीं है। सभी जिलाधिकारी अपने विभाग से संबंधित प्रेजेंटेशन तैयार करें। एक सप्ताह बाद सभी की समूहवार समीक्षा होगी। फील्ड में जिला अधिकारियों की उपस्थिति महसूस की जाना चाहिए। अपने कार्यालयीन कामकाज के साथ फील्ड में सक्रिय रहें। अपने मैदानी अमले को मजबूत रखें और उन्हें निरंतर मॉनिटर करते रहे। आम जनता से जुड़े किसी भी कार्य में विलंब नहीं होना चाहिए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम में अपनी पहली समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में जिलाधिकारियों को उक्त निर्देश दिए।

### हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य पब्लिक डिलीवरी सिस्टम को सरल और मजबूत बनाना है। हमारा यह दायित्व है कि अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं। हमारी भूमिका और उद्देश्य भी यही है।

### दिखावे के लिए कार्य नहीं हो

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि हर विभाग नवाचार करें। अपने कार्य को बेहतर करने के साथ कुछ ऐसा भी कार्य करें जो सिर्फ दिखाने के लिए नहीं हो बल्कि उससे स्वयं को भी संतोष मिले। यह ''स्वांत: सुखाय'' उपलब्धि हमारी कार्य क्षमता को भी बढ़ाएगी और हमें आत्मिक सुकून भी देगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष ध्यान दें, खासतौर से ऐसी योजनाएं जिन से सीधे जनता लाभांवित होती है, उनमें किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए।



### 47 विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य केंद्र बनना है

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन के निर्देशानुसार हमें अपने जिले की अगले 3 साल की हेल्थ प्लानिंग करना है। रतलाम जिले में अगले 3 वर्षों के दौरान 47 विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य केंद्र बनना है। इसके लिए सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा केंद्र संबंधी प्राथमिकताओं का निर्धारण करें। जितनी अच्छी हमारी प्लानिंग होगी उतना ही बेहतर हमारा सेटअप होगा।

### शहर की सफाई व्यवस्था सुधारें

कलेक्टर जो प्रशासक भी है ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, इसे सुधारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी शहर सरकार की बेहतर योजनाओं का आईना होता है। शहर में विकास कार्य और स्वच्छता दिखेगी तो योजनाओं का क्रियान्वयन भी नागरिक महसूस करेंगे। उन्होंने सैलाना नगर की सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की व्यवस्था रतलाम शहर में भी की जानी चाहिए।

### कोरोना काल के दौरान स्वास्थ्य कौशल की आवश्यकता रही

श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले में हर ट्रेड का एक पुल बनाएं। शासन द्वारा निर्धारित 6 विभिन्न कैटेगरी के अंतर्गत युवाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जाना है। इसके लिए ऐसे युवकों को चुने जो इन ट्रेड में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। ऐसा करने से जरूरत के समय उन्हें अवसर मिलेंगे और इनके कौशल का उपयोग भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान स्वास्थ्य सुविधा से जुड़े कौशल की काफी आवश्यकता रही। इसे दृष्टिगत रखते हुए युवाओं को ऐसे कौशल की तरफ प्रेरित करें।

### पोषण आहार कार्यक्रम में गंभीरता बरतें

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी को निर्देशित किया कि पोषण आहार कार्यक्रम में पूरी गंभीरता बरतें। पोषण आहार की गुणवत्ता को देखें। जिसका जो हक है उसे मिले और समय पर मिले, यह आवश्यक है। जिले में बेहतर पोषण आहार व्यवस्था से कुपोषण को भी दूर किया जा सकेगा। स्वदेश

### निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। शासकीय भवनों की कंस्ट्रक्शन क्वालिटी बेहतर हो इसका सभी ध्यान रखें। ज़मीन आवंटन संबंधी जिस भी विभाग को जो समस्या हो, वह उसे दूर करें। जमीन के कारण कोई भी विकास कार्य नहीं रुकना चाहिए। सभी जिलाधिकारी जमीन आवंटन संबंधी नियमों को समझें और उसी अनुरूप कार्य करें।

### पेंडिंग कार्य समयसीमा में हो

उन्होंने कहा कि जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों, छात्रावास भवन विद्यालय में शौचालय आदि के जितने भी कार्य पेंडिंग है उन्हें समय सीमा में पूर्ण करने के लिए योजना बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जो काम जितनी समयावधि में पूर्ण होना निर्धारित है, उसे उतनी ही समयावधि में पूर्ण होना चाहिए।

### कोरोना प्रोटोकाल की आदत बनाएं

कलेक्टर ने जिला अधिकारियों से कहा कि कोरोना का अभी खत्म नहीं हुआ है। कोरोना प्रोटोकॉल को अपनी आदत बनाएं। जिस अधिकारी की कोरोना से संबंधित ड्यूटी अभी जहां लगी है अगले एक माह तक इस व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। कोई भी अधिकारी इस ड्यूटी में कोई ढिलाई नहीं बरतें।

### वर्षा पूर्व कार्ययोजना बनाएं

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षा से पूर्व जिले में आपदा प्रबंधन संबंधी समस्त तैयारियां की जाना है। बाढ़ नियंत्रण हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति, कंट्रोल रूम की स्थापना, वर्षाकाल के दौरान किए जाने वाले कार्यों को चिन्हित कर एक सप्ताह में कार्ययोजना प्रस्तुत करें। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गेहलोत सहित समस्त जिलाधिकारी मौजूद थे।

स्वदेश 3/6/21

## शहर की 25 दुकानों पर जुर्माना

रतलाम। शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत बुधवार को 187 लोगों के विरुद्ध बिना मास्क पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 18700 रुपये की पेनल्टी वसूली गई। इसी प्रकार 25 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 23900 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में कार्यरत थाना वार टीमों ने उक्त कार्रवाई की। पुलिस थाना माणकचौक अंतर्गत टीम ने बिना मास्क वाले 30 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 3000 तथा 2 दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही पर 5500 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई। पुलिस थाना दीनदयाल नगर अंतर्गत टीम ने बिना मास्क वाले 45 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 4500 रुपए पेनल्टी वसूली गई तथा 14 दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 1400 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई। पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत टीम ने 68 व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 6800 रुपए की पेनल्टी वसूली गई तथा 6 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 12500 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई। पुलिस थाना स्टेशन रोड के अंतर्गत टीम ने 44 व्यक्तियों पर बिना मास्क की कार्रवाई करते हुए 4400 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई तथा तीन दुकानों पर जुर्माना की कार्रवाई करते हुए 4000 रुपए जुर्माना वसूला गया तथा एचडीएफसी बैंक के विरुद्ध 500 रुपए का जुर्माना किया गया।

## शहर में टीकाकरण लिए दो अतिरिक्त सेशन

रतलाम। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम शहर में आज कोविड टीकाकरण के लिए 18-44 वर्ष के टीकाकरण लिए दो अतिरिक्त सेशन लगाए जाना है। इसके लिए प्रि-आनलाइन स्लॉट बुकिंग के लिए साइट 3 जून को प्रातः 8 से 8.30 बजे खोला जायेगा। रतलाम शहर में 4 जून को 18 से 44 वर्ष आयु समूह के टीकाकरण के लिए दिनांक प्रि ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के लिए साइट 3 जून को प्रातः 10 से 10:30 बजे के बीच खोला जायेगा।

## 187 लोगों से 18700 रुपए का जुर्माना वसूला, 25 दुकानों पर लगाया जुर्माना

भास्कर संवाददाता | रतलाम


आंशिक अनलॉक के दूसरे दिन बिना मास्क लगाए घूम रहे 187 लोगों से 18700 रुपए का जुर्माना वसूला। वहीं 25 दुकानदारों पर 23900 रुपए का जुर्माना लगाया।

माणकचौक थाना टीम ने बिना मास्क वाले 30 व्यक्तियों को पकड़ा, 2 दुकानों पर कार्रवाई की। दीनदयाल नगर थाना टीम ने 45 को बिना मास्क पकड़ा, 14 दुकानों पर जुर्माना लगाया। औद्योगिक क्षेत्र थाना टीम ने बिना मास्क लगाए घूम रहे 68 व्यक्तियों पर कार्रवाई की। 6 दुकानदारों से 12500 रुपए का जुर्माना वसूला। स्टेशन रोड थाना टीम ने 44 व्यक्तियों पर बिना मास्क घूमने पर 4400 रुपए तथा तीन दुकानदारों पर 4000 का जुर्माना वसूला।

दै. भास्कर
3/6/21

## कर्मचारियों की उपस्थिति पचास प्रतिशत से अधिक न हो

रतलाम। कोरोना की रोकथाम हेतु कर्मचारियों की 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ कार्यालय संचालित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री के.सी. शर्मा ने डाइट प्राचार्य, जिला परियोजना समन्वयक, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य को निर्देशित किया गया है कि आगामी आदेश तक समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति इस प्रकार सुनिश्चित करें, की उपस्थिति 50 प्रतिशत से अधिक न हो। विद्यालयों में परीक्षा आयोजन से जुड़े कर्मचारियों की भी उपरोक्त अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करावे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा शासकीय कार्यालयों में कार्य दिवस सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) तथा कार्यालय समय प्रातः 10:00 से किया गया है। कार्यालय में इस अनुसार उपस्थिति कराएं। इस दौरान अनिवार्य रूप से कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाए।



# जिला चिकित्सालय में लगेगा ऑक्सीजन प्लांट : काश्यप

प्रसारण न्यूज़ ✦ रतलाम

## दिल्ली से रतलाम आए उपकरण

जिला चिकित्सालय में भी जल्द ऑक्सीजन प्लांट स्थापित हो जाएगा। ऑक्सीजन प्लांट के उपकरण बुधवार को दिल्ली से रतलाम आ गए है। इसकी क्षमता 27 मीटर क्यूब ( 500 लीटर प्रति मिनट ) है।

विधायक चैतन्य काश्यप ने बताया कि शासन ने जिला अस्पताल में 20 बेड के आईसीयू वार्ड के साथ ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत किया था। वर्तमान में आईसीयू वार्ड में सिलेंडर से लिक्विड ऑक्सीजन की व्यवस्था हो रही है। जिला अस्पताल को ऑक्सीजन हेतु आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से ऑक्सीजन प्लांट जल्द लगाने का आग्रह किया था। बुधवार को दो ट्रक में ऑक्सीजन प्लांट के सभी उपकरण आए। इन्हें ट्रामा सेंटर के पास प्रस्तावित स्थल पर उतारा गया।

ये उपकरण दिल्ली से ऑक्सटैम कंपनी द्वारा भेजे गए है, इनसे जिला अस्पताल को प्रतिदिन 500 लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन मिलेगी। अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के लिए शेड तैयार हो चुका है। केवल कोविड केयर सेंटर तक लाइन बिछाना बाकी है। लाइन का कार्य पूरा होते ही प्लांट शुरू किया जाएगा।

श्री काश्यप ने बताया कि जिला अस्पताल में बेंगलुरु से सिटी स्केन मशीन भी जल्द आ जाएगी। इसकी स्थापना के समस्त कार्य पूर्ण हो गए हैं। रेडिएशन सम्बन्धी अनुमति भी मुंबई से प्राप्त हो चुकी है। सिटी स्केन मशीन से मरीजों के उपचार में बहुत राहत मिलेगी।

## 5 दुकानें सील व 3 व्यक्तियों पर किया जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा रतलाम शहर में 1 जून दी गई छूट के विपरित 5 दुकानदारों द्वारा दुकाने खोलने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के गठित दल द्वारा सील किया गया। घांस बाजार क्षेत्र स्थित लुणावत मार्केट मे 5 कपड़ा व्यापारियों द्वारा दुकान खोले जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार गठित दल द्वारा सील किया गया, साथ ही त्रिपोलिया गेट रोड़ पर फिदा अली ब्रदर्स जनरल स्टोर द्वारा दुकान खोलने पर 5000, चेतन शर्मा सज्जन मिल रोड द्वारा गंदगी करने पर 500 व सुनील बाफना पर 200 रुपए का जुर्माना किया गया।

प्रसारण

प्रसारण 3/6/21

**दूसरी लहर से सबक : कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताई प्रारंभिक कार्ययोजना**

# 3 साल में 47 स्वास्थ्य केंद्र बनाने का लक्ष्य, एसडीएम, जनप्रतिनिधि साथ में करेंगे काम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना की दूसरी लहर के बाद सामने आई जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं की खामियों को सुधारते हुए मजबूत हेल्थ सिस्टम बनाने के लिए बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने तीन साल की हेल्थ प्लानिंग अधिकारियों के सामने रखी।

टारगेट विभिन्न स्तर के 47 स्वास्थ्य केंद्र बनाना है। इसे अंजाम देंगे एसडीएम और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केस व अन्य स्वास्थ्य सुविधा केंद्र संबंधी प्राथमिकता तय कर काम किया जाएगा। कलेक्टर ने अफसरों से कहा है सारी स्थिति देखकर योजना बनाए। जितनी अच्छी हमारी प्लानिंग होगी उतना ही बेहतर हमारा सेटअप मिलेगा।

**चार्ज लेने के बाद 24 दिन बाद ही टीएल मीटिंग :** 9 मई को कलेक्टर का चार्ज संभालने वाले कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बुधवार को पहली बार समयावधि पत्र की समीक्षा बैठक ली। इसमें अफसरों से कहा हमारा लक्ष्य पब्लिक डिलीवरी सिस्टम को मजबूत बनाना है। सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा को मिले, इसके लिए काम करें। हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं। हर विभाग नवाचार करें। कुछ ऐसा भी करें जिससे स्वयं को संतोष मिले। जनकल्याणकारी योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीनाक्षी सिंह, एडीएम जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गेहलोत सहित समस्त जिलाधिकारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने अफसरों को दिए काम करने के मंत्र

- **हर ट्रेड का पुल बनाए** - प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में 6 कैटेगरी के ट्रेनिंग दी जाना है। इसके लिए हर ट्रेड का एक पुल बनाओ। ऐसे युवकों को चुने जो इन ट्रेड में ट्रेनिंग लेना चाहते हैं।
- **पोषण आहार में गंभीरता बरतें** - कार्यक्रम में पूरी गंभीरता बरतें। आहार की गुणवत्ता को लगातार चेक करें। जिसका हक है उसे मिले और समय पर मिले। यह ध्यान रखें, लापरवाही नहीं होना चाहिए।
- **सफाई व्यवस्था सुधारें** - शहर में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, इसे सुधारो। शहर स्वच्छता दिखेगी तो योजनाओं का क्रियान्वयन भी लोग महसूस करेंगे। कलेक्टर ने सैलाना की तरह सफाई व्यवस्था बनाने को कहा।
- **निर्माण कार्य** - कंस्ट्रक्शन क्वालिटी बेहतर होना चाहिए। जमीन आवंटन की समस्या को तत्काल दूर किया जाए। इसके कारण विकास कार्य रुकना नहीं चाहिए। जिस काम के लिए जितनी समय सीमा निर्धारित है, वह उसमें ही पूरा होना चाहिए।
- **फील्ड में जाए अधिकारी** - ऑफिस के कामकाज के साथ अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहें। मैदानी अमले को मजबूत करके लगातार मॉनिटर करते रहे। छोटे काम बड़ी संख्या में लंबित रहते हैं, यह ठीक नहीं है। सारे विभाग से अपना प्रेजेंटेशन बनाए। एक सप्ताह बाद समीक्षा करूंगा।
- **आपदा प्रबंधन** - बाढ़ नियंत्रण के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति, कंट्रोल रूम की स्थापना जल्द कर ली जाए। वर्षाकाल के दौरान किए जाने वाले कार्यों को चिन्हित कर एक सप्ताह में कार्ययोजना प्रस्तुत करें।

दै. भास्कर
3/6/21

# बाजार में आज राइट साइड की दुकानें खुलेंगी

## लेफ्ट-राइट सिस्टम लागू, चाय-पोहे की दुकानें बंद रहेंगी



रतलाम के दो बत्ती क्षेत्र में बुधवार रात सड़क पर लेफ्ट-राइट के निशान लगाया गए। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अनलाक में दुकानें खोलने को लेकर प्रशासन ने व्यवस्था बना ली है। राइट व लेफ्ट के आधार पर दुकानें खोली जाएंगी। गुरुवार को राइट व शुक्रवार को लेफ्ट साइड की दुकानें खुलेंगी। शनिवार-रविवार बाजार बंद रहेगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि पाजिटिविटी रेट पांच प्रतिशत से नीचे आने के कारण अब 50 प्रतिशत दुकानें खुल सकेंगी, लेकिन चाय-पोहा एवं स्ट्रीट फूड की दुकान खोलने की अनुमति नहीं है। रेस्टोरेंट से भी भोजन घर ले जा सकेंगे। इसके अलावा छह से अधिक लोग पाए जाने पर संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकान सील कर दी जाएगी।

दुकानें शाम 5:00 बजे तक खुली रह सकेंगी। विस्तृत आदेश अलग से जारी किया जाएगा। मालूम हो कि एक जून को अनलाक के बाद एसडीएम व सीएसपी को 25 प्रतिशत दुकानें खोलने की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए थे। इस पर व्यापारी सहमत नहीं थे। हालांकि सात जून से दिशा-निर्देशों में फिर बदलाव किया जा सकता है।

**187 लोगों व 25 दुकान संचालकों पर जुर्माना :** अनलाक में शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को बिना मास्क पाए जाने पर 187 लोगों से 18700 रुपये की पेनल्टी वसूली गई। इसी प्रकार 25 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 23900 रुपये का जुर्माना वसूला गया। एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में थाना वार टीमों ने कार्रवाई की।

### शहर में थाना क्षेत्रों की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

**थाना माणकचौक :** बिना मास्क वाले 30 व्यक्तियों से 3000 तथा दो दुकानों पर कार्रवाई में 5500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

**थाना दीनदयाल नगर :** बिना मास्क वाले 45 व्यक्तियों से 4500 रुपए पेनाल्टी व 14 दुकान संचालकों से 1400 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई।

**थाना औद्योगिक क्षेत्र :** बिना मास्क के बाहर निकले 68 व्यक्तियों से 6800 रुपये व छह दुकान संचालकों से 12500 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

**थाना स्टेशन रोड :** मास्क नहीं पहनने पर 44 व्यक्तियों से 4400 रुपये व तीन दुकानों पर जुर्माना की कार्रवाई करते हुए 4000 रुपये व एचडीएफसी बैंक पर 500 रुपये का जुर्माना किया गया।

**छोटे वर्ग को नजर अंदाज न करें:** शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि सरकार स्ट्रीट वेंडरों को लोन देने के नाम पर भव्य आयोजन करती है और प्रशासन इस छोटे व जरूरतमंद वर्ग के व्यापार को अनुमति नहीं दे रहा है। कोरोना काल में कांग्रेस संक्रमण नियंत्रण के लिए हर अच्छे कदम के साथ है, लेकिन जिस वर्ग को सबसे पहले व्यापार व रोजगार की जरूरत है, उसे ही नजर अंदाज करना ठीक नहीं है। कांग्रेस संगठन इसे लेकर प्रशासन को अवगत कराएगा।

### बस आपरेटरों ने की टैक्स माफी की मांग

रतलाम। कोरोना काल में बसें बंद रहने के कारण अब बस संचालक ने एक वर्ष का टैक्स माफ करने की मांग की है। इस मांग को लेकर बुधवार को रतलाम जिला बस एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एडीएम जमुना भिड़े को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में टैक्स माफी और वाहन सरेंडर अवधि एक वर्ष बढ़ाने के लिए अवगत कराया गया। जिलाध्यक्ष सुवेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में ज्ञापन देने के दौरान श्यामलाल टांक, लक्ष्मण सिंह सिसौदिया, मनीष जैन, अमित राठी, सुनील टांक आदि मौजूद थे।

नईदुनिया
3/6/21



# जलकर पर पेंनल्टी वसूली माफ हो-शहर कांग्रेस कमेटी

रतलाम। रतलाम जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष यास्मिन शेरानी, मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, मोहसिन भाई शेरानी, विनय सिंह चौहान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान, सांसद प्रतिनिधि राजीव रावत, नासिर कुरेशी ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कलेक्टर महोदय से मांग की है कि नगर निगम द्वारा जलकर में पिछले 2 माह की पेनल्टी भी वसूली की जा रही है। जबकि पिछले 2 माह से शहर में लॉकडाउन लगा हुआ है एवं जिला प्रशासन द्वारा स्वयं जल कर वसूली केंद्र बंद करा दिए गए थे! ऐसी अवस्था में उपभोक्ताओं से पेनल्टी वसूलना सर्वथा गलत है तत्काल पेनल्टी माफी के आदेश दिए जाएं अन्यथा कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा!

3/6/21

# विधायकों के आर्थिक लाभ हेतु समिति गठित होने पर कर्मचारी जगत में आक्रोश

रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रदेश के विधायकों की मांग पर उनके वेतन भत्ते बढ़ाने हेतु प्रदेश सरकार ने तत्काल एक समिति का गठन किया जो उनके वेतन भत्तों में वृद्धि का प्रस्ताव रखकर लागू करवाएगी, कोरोना काल में जहां कर्मचारियों को प्राकृतिक आपदा का हवाला देकर महंगाई भत्ता और नियमित वेतन वृद्धि से वंचित किया गया है, ऐसे समय विधायकों के आर्थिक लाभ हेतु समिति गठित होने से प्रदेश का कर्मचारी जगत में आक्रोश व्याप्त है। मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय सलाहकार दीपक सुराणा, जिलाध्यक्ष शरद शुक्ला, प्रांतीय सचिव आराधना निगुड़कर, अशोक व्यास, सुग्रीव कटारा ने कहा कि हमें विधायकों के वेतन भत्ते वृद्धि से कोई सरोकार नहीं है, किंतु इसके पूर्व प्रदेश के कर्मचारियों को उनके वाजिब हकों के संबंध में निर्णय ले और रोके गए महंगाई भत्ता और वेतन वृद्धि के लाभ प्रदान करने के आदेश जारी कर कर्मचारी हितैषी भावना का परिचय दें। स्वदेश

## अनलॉक की स्थिति स्पष्ट करना जरूरी

रतलाम ● अभी लॉकडाउन में जो छूट दी है उस स्थिति को स्पष् करना चाहिए ,दुकानें होटलें व अन्य अनलॉक की श्रेणी को स्प करना जरूरी है। अभी कई लोगों व दुकानदारों में असमंजस बना हुआ है। उक्त मांग समाज सेवी महेन्द्र गादिया ने करते हुए कहा कि एक लंबा समय हो गया छोटे व मध्यम वर्गीय परिवार को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अतः स्थिति स्पष्ट कर एक आवश्यक मीटिंग में निर्णय करना चाहिए।

स्वदेश 3/6/21

## कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं, हमारी भूमिका और उद्देश्य भी यही है

प्रभातण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपनी पहली समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि हमारा लक्ष्य पब्लिक डिलीवरी सिस्टम को सरल और मजबूत बनाना है। हमारा यह दायित्व है कि अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं। हमारी भूमिका और उद्देश्य भी यही है। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती मीनाक्षीसिंह, ए डी एम श्रीमती जमना भिडे



### ज़रूरत के समय अवसर मिले ऐसा कौशल विकसित करें

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले में हर ट्रेड का एक पुल बनाएं। शासन द्वारा निर्धारित 6 विभिन्न कैटेगरी के अंतर्गत युवाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जाना है। इसके लिए ऐसे युवकों को चुने जो इन ट्रेड में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। ऐसा करने से ज़रूरत के समय उन्हें अवसर मिलेंगे और इनके कौशल का उपयोग भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान स्वास्थ्य सुविधा से जुड़े कौशल की काफी आवश्यकता रही। इसे दृष्टिगत रखते हुए युवाओं को ऐसे कौशल की तरफ प्रेरित करें।

लॉकडाउन दिखा रहा ये दिन...

# आर्थिक तंगी से परेशान वृद्ध सल्फास लेकर पहुंचा कलेक्टर कार्यालय बोला दुकान खोलने की अनुमति नहीं मिली तो कर लूंगा आत्महत्या


## कलेक्टर ने बात सुनकर वृद्ध की आर्थिक रूप से की मदद तो समाजसेवी भी बने मददगार



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** रतलाम में अब लॉकडाउन के साईड इफेक्ट भी नजर आने लगे हैं। लॉकडाउन के चलते काम काज ठप होने से लोगों के सामने अब आर्थिक तंगी बड़ी समस्या बन गई है। इसी से परेशान एक वृद्ध उसकी सुनवाई नहीं होने से नाराज होकर सल्फास की गोलियां लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। उसका कहना था कि यदि आज दुकान खोलने की अनुमति नहीं मिली तो यहीं आत्महत्या कर लूंगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जब यहां पहुंचे तो वृद्ध ने उन्हे अपनी परेशानी बताई जिस पर कलेक्टर ने तत्काल मानवीयता दिखाते हुए पहले तो वृद्ध की आर्थिक रूप से मदद की। उसके बाद उसकी सड़क पर लगने वाली मास्क की दुकान को खुलवाने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए।

यह मामला शहर के भोयरा बावड़ी निवासी परमेश्वर डोसी के साथ का है। यह शख्स पावर हाउस रोड पर ठेले पर मास्क की दुकान लगाते हैं। लॉकडाउन में दुकान बंद होने से आर्थिक रूप से मुश्किल में है। घर में खाने के लाले पड़े हैं और विवाहित बच्चों से भरण पोषण का रुपया नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है। इस बात से परेशान होकर वृद्ध सल्फास की गोलियां लेकर, जान देने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच गया। उसका कहना था कि दुकान खोलने कि अनुमति चाहिए, आज सुनवाई नहीं हुई तो यहीं जान दे दूंगा। इस बात की जानकारी रतलाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को मिली तो उन्होंने इस वृद्ध को बुलाकर पूरी जानकारी ली। उन्हे तत्काल व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहायता दी और एसडीएम रतलाम को दुकान खोलने कि अनुमति जारी करने के आदेश दिए।



### गादिया बने मददगार

वहीं घटना कि सूचना पर समाजसेवी महेंद्र गादिया भी कलेक्ट्रेट पहुंचे और वृद्ध की आर्थिक मदद और भोजन सामग्री की व्यवस्था की। कलेक्टर कार्यालय परिसर में कलेक्टर द्वारा की गई वृद्ध की मदद को लेकर यहां जिस किसी शख्स को जानकारी मिली तो हर कोई सराहना करता नजर आया। वहीं इस लॉकडाउन में ऐसे हजारों परिवार और व्यापारी है जिन्हें सरकारी मदद कि खासी दरकार है। ऐसे में समाजसेवी महेंद गादिया ने उनकी परेशानी को भी ध्यान में रखते हुए प्रशासन से मांग की है कि उनके व्यापार धंधे खोलने कि अनुमति दी जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके।

पत्रिका
3/6/21

**कार्रवाई के बीच शॉपिंग** • घास बाजार में भाव पूछने पर दुकानदार बोला-आप तो ले लो

# 2 हजार जुर्माना लगाने के बाद टीम के अफसर बोले-ये ज्यूसर कितने में दोगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना कर्फ्यू में मोहल्ले की किराना दुकानें, खाद बीज और मेडिकल स्टोर्स को खोलने की छूट है लेकिन बुधवार शाम 4.30 बजे जब पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी घास बाजार से गुजरे तो उन्हें प्रवीण गैस एप्लाइसेंस की दुकान की शटर आधी खुली मिली तो कार्रवाई करने पहुंच गए।

दुकानदार ने अमले को देखा तो वो भी घबरा गया और शटर अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद टीम के अधिकारी दुकान के पास पहुंचे और शटर बजाया तो दुकानदार ने नहीं खोला। करीब पांच मिनट तक शटर बजाने के बाद भी जब दुकानदार ने अफसरों की एक ना सुनी तो सरकारी वाहन से अनाउंसमेंट किया कि प्रवीण गैस एप्लाइसेंस के व्यापारी अपनी शटर खोलें। शटर खोलकर जल्दी बाहर आएं। यदि शटर नहीं खोला तो बाहर से दुकान सील कर देंगे। 15 मिनट की समझाइश के बाद दुकानदार ने अपना शटर खोला। इस पर अफसर अंदर गए और दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माना लगाने के बाद अफसर बाहर ना आते हुए खुद ही सामान देखने लगे। दुकान में रखे ज्यूसर को देखकर पूछा यह कितने का है। वहीं गैस चूल्हे का भी भाव पूछा। इस पर दुकानदार बोला आप तो ले लो। अरे सर पैसे तो ले लेंगे। करीब 15 मिनट तक टीम यहीं बैठी रही। इसके बाद वाहनों का काफिला रवाना हुआ।



घास बाजार स्थित प्रवीण गैस एप्लाइसेंस पर कार्रवाई के लिए बैठी टीम। फोटो-मिंटू मेहता

## आम लोगों के लिए खरीदारी बंद, लेकिन अफसरों के लिए चालू

कोरोना कर्फ्यू में कुछ दुकानें ही खुली हैं। इससे आम लोग खरीदारी से दूर हैं लेकिन अफसर दुकानों पर कार्रवाई के लिए जा रहे हैं और वे खुद ही खरीदारी कर रहे हैं।



## रतलाम : जुर्माने के बाद भी बैंक के बाहर ये हाल नजर आया

रतलाम | अनलॉक के पहले दिन स्टेशन रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच के बाहर ग्राहकों की भीड़ लगी मिलने पर बैंक पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। बावजूद बैंकों में भीड़ कम नहीं हो रही है। कोरोना संक्रमण के बीच बजाज खाना स्थित बैंक ऑफ इंडिया के बाहर लगी ग्राहकों की भीड़।

दै. भास्कर
3/6/21

**नवाचार की बात** | कलेक्टर ने अपनी पहली समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

# 'हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं हैं'

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। । हमारा लक्ष्य पब्लिक डिलीवरी सिस्टम को सरल और मजबूत बनाना है। हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं है। ये निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपनी पहली समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में जिलाधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिडे, एसडीएम अभिषेक गेहलोत सहित समस्त जिलाधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने कहा कि हर विभाग नवाचार करें। कुछ ऐसा भी करें जो सिर्फ दिखाने के लिए नहीं हो बल्कि उससे स्वयं को भी संतोष मिले। ऐसी योजनाएं जिन से सीधे जनता लाभान्वित होती है, उनमें किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। कोरोना प्रोटोकाल को अपनी आदत बनाएं। कोरोना से संबंधित ड्यूटी में अगले एक माह तक कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। अधिकारी इसमें ढिलाई न बरतें।

### अगले तीन साल की हेल्थ प्लानिंग करें

कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अगले तीन साल की हेल्थ प्लानिंग करना है। तीन वर्षों के दौरान 47 विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य केंद्र बनना है। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा केंद्र संबंधी प्राथमिकताओं का निर्धारण करें। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले में हर ट्रेड का एक पुल बनाएं। ऐसे युवकों को चुनें जो इन ट्रेड में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। ऐसा करने से जरूरत के समय उन्हें अवसर मिलेंगे। पोषण आहार कार्यक्रम में पूरी गंभीरता बरतें। पोषण आहार की गुणवत्ता को देखें। जिसका जो हक है उसे मिले और समय पर मिले, यह आवश्यक है।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बेहतर होना चाहिए

कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। शासकीय भवनों की कंस्ट्रक्शन क्वालिटी बेहतर हो इसका सभी ध्यान रखें। भूमि आवंटन संबंधी जिस भी विभाग को जो समस्या हो, वह उसे दूर करें। जमीन के कारण कोई भी विकास कार्य नहीं रुकना चाहिए। जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों, छात्रावास भवन विद्यालय में शौचालय आदि के पेंडिंग कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के लिए योजना बनाकर प्रस्तुत करें।


### अधिकारी फील्ड में भी दिखें

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड में जिलाधिकारियों की उपस्थिति महसूस की जाना चाहिए। आम जनता से जुड़े किसी भी कार्य में विलंब नहीं होना चाहिए। बहुत छोटे-छोटे काम बड़ी संख्या में लंबित रहते हैं, यह ठीक नहीं है। सभी जिलाधिकारी अपने विभाग से संबंधित प्रजेंटेशन तैयार करें। एक सप्ताह बाद सभी की समूहवार समीक्षा होगी। कलेक्टर ने बाढ़ नियंत्रण नोडल अधिकारी की नियुक्ति, कंट्रोल रूम, वर्षाकाल के कार्यों को चिन्हित कर एक सप्ताह में कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

### शहर में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं, सैलाना से सीख लें

कलेक्टर ने शहर में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने की बात कहते हुए नगर निगम अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी शहर सरकार की बेहतर योजनाओं का आईना होता है। शहर में विकास कार्य और स्वच्छता दिखेगी तो योजनाओं का क्रियान्वयन भी नागरिक महसूस करेंगे। उन्होंने सैलाना नगर की सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की व्यवस्था रतलाम शहर में भी की जानी चाहिए।

# गुरुवार से शहर में दुकानें खुलने का लेफ्ट-राइट सिस्टम लागू होगा




**प्रकाश न्यूज़ • रतलाम**

शहर में गुरुवार 3 जून से बाजार में दुकानें खुलने का लेफ्ट राइट सिस्टम लागू होगा। गुरुवार को राइट साइड की दुकानें खोली जाने की अनुमति रहेगी। शुक्रवार को लेफ्ट साइड की दुकानें खुलेंगी। शनिवार रविवार दुकानें संचालित करने की अनुमति नहीं है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने

आने के कारण अब 50 प्रतिशत दुकानें खुल सकेंगी, लेकिन चाय, पोहा एवं स्ट्रीट फूड की दुकान खोलने की अनुमति नहीं है।

रेस्टोरेंट्स से भी भोजन लेकर घर जाना होगा, रेस्टोरेंट में बैठकर नहीं खा सकते हैं। इसके अलावा 6 व्यक्तियों से अधिक पाए जाने पर संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकान सील कर दी जाएगी। दुकानें शाम 5 बजे तक खुली रह –

(16)


**वैक्सीनेशन** • 4 जून को 18 से 44 वाले आयु समूह के लिए आज सुबह 10 से 10.30 बजे के बीच स्लॉट खोले जाएंगे

# आज टीकाकरण के लिए दो अतिरिक्त सेशन रखे जाएंगे, सुबह 8 से 8.30 के बीच खुलेगा बुकिंग स्लॉट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया रतलाम शहर में गुरुवार के कोविड टीकाकरण के लिए 18-44 साल के लोगों के लिए दो अतिरिक्त सेशन लगाए जाएंगे। इसके लिए प्री-ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के लिए 3 जून को सुबह 8 से 8.30 बजे स्लॉट खोला जाएगा। शहर में 4 जून को 18 से 44 साल आयु समूह के टीकाकरण के लिए प्री-ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के लिए 3 जून को सुबह 10 से 10.30 बजे के बीच स्लॉट खोले जाएंगे।

## हमारे जिले में अब तक 1,96,337 लोगों को लग चुके टीके




जिले में अब तक 1,96,337 लोगों को कोविड के टीके लगे हैं। इसमें से 34,315 लोग कोविड-19 से बचाव का दूसरा टीका लगवा चुके हैं। 2 जून को कुल 4,876 लोगों का टीकाकरण किया गया। सैलाना ब्लॉक में 249, रतलाम शहर में 2160, रतलाम ग्रामीण में 589, पिपलौदा ब्लॉक में 378, जावरा ब्लॉक में 922, बाजना ब्लॉक में 287, आलोट ब्लॉक में 291 लोगों को वैक्सीन लगी।

## आज से 18 प्लस रेल कर्मचारियों को एनेक्सी हॉल में लगेगा टीका

लंबे समय से चली आ रही रेल कर्मचारियों की मांग गुरुवार को पूरी हो जाएगी। 18 से 44 साल उम्र वाले रेलवे स्टॉफ को गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के पीछे स्थित एनेक्सी हॉल में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए बुधवार को ही वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के मंडल मंत्री मनोहर सिंह बारठ, सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र सिंह सोलंकी ने अपर कलेक्टर जमुना भिड़े से मुलाकात की थी। इसमें अपर एडीएम को बताया था कि लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, पीपी, गार्ड, स्टेशन मास्टर, गैंगमैन, वाणिज्य विभाग के अलावा सभी अन्य विभाग फ्रंटलाइन वर्कर में आते हैं। बावजूद इसके अब तक 18 प्लस वालों का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है। मंडल प्रवक्ता अशोक तिवारी ने बताया कि यूनियन की मांग पर तुरंत एक्शन लेते हुए प्रशासन गुरुवार से वैक्सीनेशन शुरू करने जा रहा है।

**10 मरीजों तक पहुंचाई मेडिसिन किट :** नगर निगम की टीम ने बुधवार को होम आइसोलेशन में रहने वाले 10 मरीजों को घर जाकर मेडिसिन किट दी। इसके अलावा 16 मेडिसिन किट मरीज के परिजन को दी गई। यह पहला अवसर है जब ई-दक्ष केंद्र से 10 मरीजों की सूची मिली और सभी तक किट पहुंच गई। अब तक रोजाना कुछ मरीज अस्पताल में तो कुछ के पते और मोबाइल नंबर गलत निकल रहे थे।

दै. भास्कर

एस डी एम अभिषेक गेहलोत सहित समस्त जिलाधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री पुरुषोतम ने कहा कि हर विभाग नवाचार करें। अपने कार्य को बेहतर करने के साथ कुछ ऐसा भी कार्य करें, जो सिर्फ दिखाने के लिए नहीं हो, बल्कि उससे स्वयं को भी संतोष मिले। यह स्वांतः सुखाय उपलब्धि हमारी कार्य क्षमता को भी बढ़ाएगी और हमें आत्मिक सुकून भी देगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष ध्यान दें, खासतौर से ऐसी योजनाएं जिन से सीधे जनता लाभान्वित होती है, उनमें किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन के निर्देशानुसार हमें अपने जिले की अगले 3 साल की हेल्थ प्लानिंग करना है। रतलाम जिले में आगले 3 वर्षों के दौरान 47 विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य केंद्र बनना है। इसके लिए सभी एस डी एम अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा केंद्र संबंधी प्राथमिकताओं का निर्धारण करें। जितनी अच्छी हमारी प्लानिंग होगी उतना ही बेहतर हमारा सेटअप होगा।

## पोषण आहार कार्यक्रम में गंभीरता बरतें

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी को निर्देशित किया कि पोषण आहार कार्यक्रम में पूरी गंभीरता बरतें, पोषण आहार की गुणवत्ता को देखें। जिसका जो हक है, उसे मिले और समय पर मिले, यह आवश्यक है। जिले में बेहतर पोषण आहार व्यवस्था से कुपोषण को भी दूर किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, इसे सुधारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी शहर सरकार की बेहतर योजनाओं का आईना होता है। शहर में विकास कार्य और स्वच्छता दिखेगी तो योजनाओं का क्रियान्वयन भी नागरिक महसूस करेंगे। उन्होंने सैलाना नगर की सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की व्यवस्था रतलाम शहर में भी की जानी चाहिए।

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बेहतर होना चाहिए

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। शासकीय भवनों की कंस्ट्रक्शन क्वालिटी बेहतर हो, इसका सभी ध्यान रखें। ज़मीन आवंटन संबंधी जिस भी विभाग को जो समस्या हो, वह उसे दूर करें। जमीन के कारण कोई भी विकास कार्य नहीं रुकना चाहिए। सभी जिलाधिकारी ज़मीन आवंटन संबंधी नियमों को समझें और उसी अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों, छात्रावास भवन विद्यालय में शौचालय आदि के जितने भी कार्य पेंडिंग है, उन्हें समय सीमा में पूर्ण करने के लिए योजना बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जो काम जितनी समयावधि में पूर्ण होना निर्धारित है, उसे उतनी ही समयावधि में पूर्ण होना चाहिए। कलेक्टर से पुरुषोत्तम ने कहा कि फील्ड में जिला अधिकारियों की उपस्थिति महसूस की जाना चाहिए। अपने कार्यालयीन कामकाज के साथ फील्ड में सक्रिय रहें, अपने मैदानी अमले को मजबूत रखें और उन्हें निरंतर मॉनिटर करते रहे। आम जनता से जुड़े किसी भी कार्य में विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता पर हर अधिकारी को काम करना है। बहुत छोटे-छोटे काम बड़ी संख्या में लंबित रहते हैं, यह ठीक नहीं है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग से संबंधित प्रेजेंटेशन तैयार करें। एक सप्ताह बाद सभी की समूहवार समीक्षा होगी।

## पना कोरोना प्रोटोकॉल बनाए रखें

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने जिला अधिकारियों से कहा कि कोरोना का अभी खत्म नहीं हुआ है। कोरोना प्रोटोकॉल को अपनी आदत बनाएं। जिस अधिकारी की कोरोना से संबंधित ड्यूटी अभी लगी है, अगले एक माह तक इस व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। कोई भी अधिकारी इस ड्यूटी में कोई ढिलाई नहीं बरतें। कलेक्टर पुरुषोतम निर्देश दिए कि वर्षा से पूर्व जिले में आपदा प्रबंधन संबंधी समस्त तैयारियां की जाना है। बाढ़ नियंत्रण हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति, कंट्रोल रूम की स्थापना, वर्षाकाल के दौरान किए जाने वाले कार्यों को चिन्हित कर एक सप्ताह में कार्य योजना प्रस्तुत करें।

प्रसार० 3/6/21

**हालात सुधरे** एक दिन में करीब 79 हजार सैंपलों की जांच, संक्रमण दर सिर्फ 1.2 फीसदी

# प्रदेश में 75 दिन बाद एक हजार से कम पॉजिटिव मिले

सिटी रिपोर्टर . भोपाल | प्रदेश में कोरोना संक्रमण अब मार्च की स्थिति में पहुंचने लगा है। बुधवार को 991 नए संक्रमित मिले। यह आंकड़ा 75 दिन बाद आया है। इससे पहले 18 मार्च को इतने केस मिले थे। नए मामले घटने के साथ ही संक्रमण दर भी तेजी से कम हो रही है। बुधवार को करीब 79 हजार सैंपल की जांच हुई, लेकिन संक्रमण दर 1.2 फीसदी ही रही। हालांकि प्रदेश में अभी भी एक्टिव केस 17136 बने हुए हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा 3988 भोपाल में हैं। 3028 एक्टिव केस के साथ इंदौर दूसरे नंबर पर है। सबसे कम 12 एक्टिव केस आलीराजपुर, जबकि 16 केस बुरहानपुर में हैं। 50 से कम केस भिंड, खंडवा, डिंडोरी, मंडला, पन्ना और कटनी में हैं। -

## 36 जिलों में शून्य से 10

36 जिले ऐसे हैं, जहां शून्य से 10 तक नए केस मिले हैं। सिर्फ भोपाल-इंदौर ही ऐसे हैं, जहां 100 से ज्यादा नए संक्रमित अब भी मिल रहे हैं। बाकी 50 जिलों में यह आंकड़ा 80 से कम है।

## ठीक होने वाले चौगुने

प्रदेश में एक दिन में 4113 मरीज स्वस्थ हुए। अब नए संक्रमितों की तुलना में ठीक होने वालों की संख्या चार गुना से भी ज्यादा हो गई है। रिकवरी रेट 96 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

# जिले में 16 नए पाजिटिव और एक की मौत

रतलाम। जिले में बुधवार को 16 नए पाजिटिव केस सामने आए। एक की मौत हुई। 123 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 561 है। जिले में अब तक 17337 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16468 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 308 पर पहुंच गया है।

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से बुधवार को 33 व्यक्ति स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आठ नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 27 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 33 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 45 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से चार पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 107 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 55 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 443 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5862, करंट स्टाक 161 है।

# रतलाम में 16 पॉजिटिव, एक व्यक्ति ने दम तोड़ा

रतलाम | बुधवार को 16 नए मरीज सामने आए। वहीं, एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। रिपोर्ट में पांच महिला और 11 पुरुष कोरोना संक्रमण का शिकार हुए हैं। वहीं मौलाना आजाद नगर निवासी 34 साल के युवक ने दम भी तोड़ दिया। जिले में अब कुल मृतक की संख्या 308 हो गई है।

# वैक्सीनेशन के लिए संगठन अपने सदस्यों की सूची दें

रतलाम। रतलाम शहर में व्यवसायिक गतिविधियों में लगे कर्मचारी एवं होम डिलीवरी कर रहे कर्मचारियों का प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर इन कर्मचारियों का वैक्सीनेशन विशेष कैंप में किया जा रहा है।

एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत बताया कि रतलाम शहर के व्यवसायिक गतिविधियों से जुड़े कर्मचारियों का वैक्सीनेशन विशेष कैंप में किया जा रहा है। औद्योगिक संस्थाओं के कर्मचारियों, बैंक कर्मचारी, रेलवे कर्मचारी, मंडी व्यापारी, हम्माल, तुलावटी मंडी कर्मचारियों आदि का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में अन्य व्यवसायिक संगठनों से उन्होंने आग्रह किया है कि वे अपने सदस्यों की पूरी सूची प्रदान करें ताकि उनके लिए विशेष कैंप लगाकर सभी कर्मचारियों का वैक्सीनेशन किया जा सके। सूची में व्यक्ति का नाम, उम्र, मोबाइल नंबर एवं आधार नंबर होना आवश्यक है।

संगठन अपनी पूरी सूची बनाकर अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर के कार्यालय में शीघ्र प्रस्तुत करें जिसकी सूची पहले प्राप्त होगी उसे प्राथमिकता के आधार पर विशेष कैंप आयोजित कर वैक्सीनेशन का लाभ दिया जाएगा।

उन्होंने रतलाम शहर के विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े संगठन से आग्रह किया है कि इस विशेष वैक्सीनेशन कैंपेन का लाभ लेते हुए सभी कर्मचारियों का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराया जाना सुनिश्चित करें। 3/6/21

# कन्टेनमेंट क्षेत्रों में किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य

रतलाम। कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोकने हेतु जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने पर बनाए गए कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर-ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने पर बनाए गए विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर-ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर सेनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है, ताकि कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को जा सकें।

3/6/21

(8)

# सफाई व्यवस्था : 17 वार्ड के 53 कर्मचारी गैर-हाजिर मिले

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने की कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की चेतावनी बुधवार को सच साबित हुई। खुलासा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण से हुआ, जिसमें 17 वार्ड के 53 सफाई कर्मचारी ही ड्यूटी से गायब मिले। वह भी बिना अनुमति के। उधर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी गैरहाजिर सफाई संरक्षकों को नोटिस जारी कर दिया है। इसमें कुछ का आधे और कुछ का पूरे दिन का वेतन काटे जाने को लेकर तीन दिन में जवाब मांगा है।

**आयुक्त ने जारी किए नोटिस, वेतन काटा**

बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण के बाद से ही यह कार्रवाई बंद थी। ताज्जुब वाली बात यह है कि ऐसा लगभग रोजाना हो रहा है लेकिन स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह कार्रवाई ही नहीं कर रहे।

## निरीक्षण में किस वार्ड के कितने कर्मचारी अनुपस्थित मिले

वार्ड 2 में 1, वार्ड 3 में 1, वार्ड 5 में 2, वार्ड 6 में 1, वार्ड 8 में 3, वार्ड 9 में 8, वार्ड 13 में 1, वार्ड 14 में 2, वार्ड 15 में 3, वार्ड 19 में 1, वार्ड 20 में 4, वार्ड 26 में 5, वार्ड 28 में 4, वार्ड 29 में 1, वार्ड 36 में 1, वार्ड 42 में 11, वार्ड 47 में 1 व वार्ड 49 में 3

दै. भास्कर
3/8/21

# अनुपस्थित 56 सफाई संरक्षकों को कारण बताओ सूचना-पत्र

रतलाम ● नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मंगलवार को प्रातः नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान प्रात:काल 18 व दोपहर की शिफ्ट में 38 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर आधे व पूरे दिवस का वेतन काटे जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया। प्रातः निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 1 में 10, झोन क्रमांक 3 में 3, झोन क्रमांक 4 में 5 तथा दोपहर की शिफ्ट में झोन क्रमांक 1 में 22, झोन क्रमांक 2 में 8, झोन क्रमांक 3 में 3 व झोन क्रमांक 4 में 13 इस तरह कुल 56 सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधितों का आधे व एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

# अनुपस्थित 56 सफाई संरक्षकों को कारण बताओ सूचना-पत्र

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रात : नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान प्रात :काल 18 व दोपहर की शिफ्ट में 38 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर आधे व पूरे दिवस का वेतन काटे जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया।

प्रात : निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 1 में 10, झोन क्रमांक 3 में 3, झोन क्रमांक 4 में 5 तथा दोपहर की शिफ्ट में झोन क्रमांक 1 में 22, झोन क्रमांक 2 में 8, झोन क्रमांक 3 में 3 व झोन क्रमांक 4 में 13 इस तरह कुल 56 सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधितों का आधे व एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

**अध्ययन:** अभी ध्यान रखा तो टल सकता है खतरा

# एक हजार के नीचे पहुंचे संक्रमित, अब सितंबर में पलटवार का खतरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण लगभग काबू में आ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पॉजीटिविटी 1.1 फीसदी और शहरी इलाकों में 2.62 फीसदी से कम हो गई है। रोज मिलने वाले नए केस भी बुधवार को एक हजार से नीचे पहुंच गए, लेकिन खतरा टला नहीं है।

हेल्थ मैट्रिक्स एंड एवेल्युशन का अध्ययन कहता है कि सितंबर तक सभी मास्क पहनें। कोरोना गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करें, तब कहीं औसत 2400 केस रहेंगे। लापरवाही पर कोरोना केस बढ़ सकते हैं, इसलिए इस अवधि में सतर्कता बरतने की बेहद जरूरत है।

उधर, वैसे तो दूसरी लहर सबसे खतरनाक रही, लेकिन इससे पहले पिछला सितंबर भारी पड़ा। सितंबर में जो केस मिले थे, वो उससे पहले मार्च से अगस्त 2020 के छह महीने में मिले कुल केस से भी ज्यादा थे। सितंबर में 64 हजार 82 संक्रमित मिले थे, जबकि उससे पहले 6 महीने के मरीज मिलाकर 63 हजार 965 थे। लगभग ऐसी ही स्थिति मौत के मामलों में थी। सितंबर 20 में 922 मौत हुई। इससे पहले के 6 महीने में 1394 मरीजों ने दम तोड़ा था।



## ब्लैक फंगस से पीड़ित नन्ही मरीज

**ब्लैक फंगस** भी मुसीबत बना हुआ है। भोपाल में दो साल की बच्ची का बुधवार को हमीदिया अस्पताल में ऑपरेशन किया गया। उम्र के लिहाज से ब्लैक फंगस से पीड़ित यह संभवत: देश की सबसे छोटी मरीज है।

## एसबीआइ की रिपोर्ट: तीसरी लहर भी हो सकती है खतरनाक

**नई दिल्ली.** एसबीआइ की ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दूसरी लहर की तरह तीसरी लहर भी घातक हो सकती है। कहा गया है कि बेहतर तैयारियों और सावधानियों से मौतों को कम किया जा सकता है। इसके लिए स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना और टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाना जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय अनुभवों पर आधारित एसबीआइ इकोरैप की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के बड़े देशों में तीसरी लहर औसतन 98 दिन रही। भारत में भी यह 98 दिन तक चलने की आशंका जताई गई है। भारत में दूसरी लहर में प्रतिदिन नए मामले 4.14 लाख तक पहुंच गए थे।

### राहत: संक्रमण में दर्ज हो रही गिरावट

**भोपाल.** राज्य में संक्रमण में गिरावट आ रही है। बीते 24 घंटे में 991 नए संक्रमित मिले। संक्रमण दर 1.2 फीसदी दर्ज की गई। इंदौर में 338 तो भोपाल में 191 मरीज सामने आए। स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, बुधवार को 31 जिलों में एक भी मौत नहीं हुई। अब प्रदेश में कोरोना के 17136 सक्रिय मरीज हैं।

पत्रिका 3/6/21


# व्यवसायिक संगठन टीके के लिए एसडीएम कार्यालय में सूची दें

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में व्यवसायिक गतिविधियों से जुड़े कर्मचारियों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। यदि कोई भी संगठन सदस्यों का वैक्सीनेशन करवाना चाहता है तो वे इसकी सूची एसडीएम कार्यालय में दे सकता है। सूची जल्द दें क्योंकि प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे।

शहर में व्यावसायिक गतिविधियों में लगे कर्मचारी, होम डिलीवरी कर रहे कर्मचारियों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर वैक्सीनेशन कैंप भी लग रहे हैं। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया औद्योगिक संस्थाओं के कर्मचारियों, बैंक कर्मचारी, रेलवे कर्मचारी, मंडी व्यापारी, हम्माल, तुलावटी मंडी कर्मचारियों आदि का वैक्सीनेशन हो रहा है। शहर के अन्य व्यावसायिक संगठन भी सूची दें ताकि उनके लिए विशेष कैंप लगाकर सभी कर्मचारियों का वैक्सीनेशन किया जा सके। सूची में व्यक्ति का नाम, उम्र, मोबाइल नंबर एवं आधार नंबर होना जरूरी है। संगठन सूची बनाकर अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर के कार्यालय में दें। जिनकी सूची पहले मिलेगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विशेष कैंप में टीके लगाएंगे।

# कोरोना अनुरूप व्यवहार के लिए लोगों को जागरूक भी करें तथा सख्ती भी करें



## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की

भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में अनलॉक प्रारंभ हो गया है। अब असली परीक्षा है। हमें दुनिया भी चलानी है तथा शेष संक्रमण को भी समाप्त करना है। इसके लिए कोविड अनुरूप व्यवहार के लिए लोगों को जागरूक भी करें तथा सख्ती भी करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण किसी भी हालत में नहीं बढ़ना चाहिए। अधिक से अधिक टेस्ट किए जाएँ तथा हर पॉजिटिव मरीज की कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की जाए। किल कोरोना अभियान प्रभावी रूप से चलाया जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में ब्लैक फंगस के उपचार पर

### 1078 नए प्रकरण

प्रदेश में कोरोना के 1078 नए प्रकरण आए हैं। एक्टिव प्रकरणों की संख्या 20 हजार 203 है। आज 4120 मरीज स्वस्थ हुए हैं। प्रदेश की 7 दिनों की औसत पॉजिटिविटी 2.2ब तथा आज की पॉजिटिविटी 1.5ब है। रिकवरी रेट 96.4ब है।

### इंदौर में ही 5 प्रतिशत से अधिक पॉजिटिविटी

अब प्रदेश के इंदौर जिले में ही 5ब से अधिक पॉजिटिविटी है। शेष 51 जिलों में 5ब से कम साप्ताहिक पॉजिटिविटी है। इंदौर की साप्ताहिक



# 4 नालों की सफाई का कार्य जारी

रतलाम। वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के समस्त नाले-नालियों की सफाई करवाए का कार्य निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा दिए गए निर्देश के तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, साथ ही नालों की सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है। निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा गोमदड़े की पुल, हरमाला रोड़ ताज स्टोन, दो बत्ती आदर्श ज्यूस सेन्टर के सामने, कन्या महाविद्यालय वाले नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर-ट्रॉली व गैंग के माध्यम से किया गया व सफाई उपरान्त नालों व नालियों में कैसोलिक व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

प्रसारण

प्रसारण 3/6/21

कोरोना से हालात सुधरने के बाद बुधवार को पहली बार कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ली समीक्षा बैठक

# लक्ष्य पब्लिक डिलीवरी सिस्टम को सरल और मजबूत बनाना हो

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. हमारा लक्ष्य पब्लिक डिलीवरी सिस्टम को सरल और मजबूत बनाना है। हमारा यह दायित्व है कि अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। हमें लोगों की तकलीफें कम करनी है, बढ़ानी नहीं। हमारी भूमिका और उद्देश्य भी यही है। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बुधवार को अपनी पहली समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में जिले के अन्य सभी विभाग के अधिकारियों को दिए। कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होने पर अब जाकर कलेक्टर ने विभागीय समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि हर विभाग नवाचार करें। अपने कार्य को बेहतर करने के साथ कुछ ऐसा भी कार्य करें जो सिर्फ दिखाने के लिए नहीं हो बल्कि उससे स्वयं को भी संतोष मिले। यह स्वांतः सुखाय उपलब्धि हमारी कार्य क्षमता को भी बढ़ाएगी और हमें आत्मिक सुकून भी देगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष ध्यान दें, खासतौर से ऐसी योजनाएं जिन से सीधे जनता लाभान्वित होती है, उनमें किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए।

## अगले 3 साल की हेल्थ प्लानिंग करें

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार हमें अपने जिले की अगले 3 साल की हेल्थ प्लानिंग करना है। जिले में अगले 3 वर्षों के दौरान 47 विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य केंद्र बनना है। इसके लिए सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा केंद्र संबंधी प्राथमिकताओं का निर्धारण करें। जितनी अच्छी हमारी प्लानिंग होगी उतना ही बेहतर हमारा सेटअप होगा।



## कौशल का उपयोग भी हो सकेगा

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले में हर ट्रेड का एक पुल बनाएं। शासन द्वारा निर्धारित 6 विभिन्न कैटेगरी के अंतर्गत युवाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जाना है। इसके लिए ऐसे युवकों को चुने जो इन ट्रेड में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। ऐसा करने से जरूरत के समय उन्हें अवसर मिलेंगे और इनके कौशल का उपयोग भी किया जा सकेगा। कोरोना काल के दौरान स्वास्थ्य सुविधा से जुड़े कौशल की काफी आवश्यकता रही। इसे दृष्टिगत रखते हुए युवाओं को ऐसे कौशल की तरफ प्रेरित करें।

पोषण आहार की गुणवत्ता को देखें जिसका जो हक है उसे मिले और समय पर मिले, यह आवश्यक है। जिले में बेहतर पोषण आहार व्यवस्था से कुपोषण को भी दूर किया जा सकेगा।

## शहर की सफाई व्यवस्था सुधारें

कलेक्टर ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, इसे सुधारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी शहर सरकार की बेहतर योजनाओं का आईना होता है। शहर में विकास कार्य और स्वच्छता दिखेगी तो योजनाओं का क्रियान्वयन भी नागरिक महसूस करेंगे। शासकीय भवनों की कंस्ट्रक्शन क्वालिटी बेहतर हो इसका सभी ध्यान रखें। जमीन के कारण कोई भी विकास कार्य नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों, छात्रावास भवन विद्यालय में शौचालय आदि के जितने भी कार्य पेंडिंग है, उन्हें योजना बनाकर प्रस्तुत करें।

## कोरोना प्रोटोकॉल बनाए रखें

कलेक्टर ने कहा कि कोरोना का अभी खत्म नहीं हुआ है। कोरोना प्रोटोकॉल को अपनी आदत बनाएं। जिस अधिकारी की कोरोना से संबंधित ड्यूटी अभी जहां लगी है, अगले एक माह तक इस व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। कोई भी अधिकारी इस ड्यूटी में कोई ढिलाई नहीं बरतें।

## आपदा प्रबंधन की प्लानिंग करें

कलेक्टर ने कहा कि वर्षा से पूर्व जिले में आपदा प्रबंधन संबंधी समस्त तैयारियां की जाना है। बाढ़ नियंत्रण हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति, कंट्रोल रूम की स्थापना, वर्षाकाल के दौरान किए जाने वाले कार्यों को चिन्हित कर एक सप्ताह में कार्ययोजना प्रस्तुत करें।

पत्रिका 3/6/21

# तीन घंटे कड़ी धूप में इंतजार, कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे तो मान ली मांग

रतलाम. फल व सब्जी विक्रेताओं को नगर निगम ने दो दिन तक शिविर लगाकर लाइसेंस पास जारी किए थे। करीब 100 विक्रेता इस प्रकार के रहे जिनका नंबर लाइन में लगने के बाद भी नहीं आ पाया। बुधवार को तीन घंटे तक कड़ी धूप में यह वर्ग खड़ा रहा, लेकिन कोई बात करने नहीं आया। बाद में शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया पहुंचे तो निगम उपायुक्त विकास सोलंकी ने पांच मिनट में सभी मांग मंजूर कर ली।

असल में कोरोना लॉकडाउन के दौरान 31 मई व 1 जून को लाइसेंस देने के लिए सब्जी व फल विक्रेताओं के लिए निगम ने शहर के सभी चार झोन में अलग से शिविर का आयोजन किया। करीब 100 से कुछ अधिक विक्रेता लाइसेंस नहीं बनवा पाए। इसके बाद यह सभी सुबह पहले अंबेडकर झोन पहुंच गए। यहां सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक खड़े रहे। इसके बाद जब किसी ने



सलाह दी की निगम कार्यालय पहुंचे।

इसके बाद सभी फल व सब्जी विक्रेता नगर निगम पहुंचे। यहां भी करीब एक घंटे तक खड़े रहे। पहले यह सभी निगम उपायुक्त सोलंकी के पास गए तो उन्होंने बात करने से ही इंकार कर दिया। उपायुक्त ने कहा कि दो दिन का समय मिला था, तब लाइन में लगकर बनवाना था। जब इन्होंने कहा कि वे खड़े रहे, लेकिन नंबर नहीं आया तो उपायुक्त ने कह दिया अब कुछ नहीं हो सकता। इसके बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष कटारिया आए व उपायुक्त सोलंकी से चर्चा की। इसके बाद उपायुक्त सोलंकी ने फिर से फल व सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की व यह भरोसा दिया कि फिर से आवेदन दें, सभी को लाइसेंस मोहल्ला अनुसार बनाकर दिए जाएंगे।

कांग्रेस शुरू से कमजोर वर्ग के साथ है। फल व सब्जी विक्रेता तीन घंटे से धूप में खड़े रहकर चक्कर काट रहे थे। मामले की जानकारी मिली तो उपायुक्त से चर्चा कर इनकी मदद की गई है।
**- महेंद्र कटारिया**, अध्यक्ष शहर कांग्रेस

पत्रिका 3/6/21

## सभी सब्जी-फल विक्रेताओं का पंजीयन होगा

नगर निगम द्वारा लॉकडाउन खोलने के पश्चात मोहल्ले में फेरी लगाकर सब्जी व फल बेचने हेतु विक्रेताओं का पंजीयन किया जा रहा है। कल कालिका माता स्टेज पर हो रहे पंजीयन दोपहर बाद नहीं किया गया जिससे कई गरीब सब्जी विक्रेता शेष रह गए थे। नगर निगम में बार-बार गुहार लगाने के पश्चात भी उनके रजिस्ट्रेशन नहीं किए जा रहे थे। वह अपनी समस्या शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं प्रदेश सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास को बताई। श्री कटारिया ने इस संबंध में आयुक्त सोमनाथ झारिया से बात कर मानवता को ध्यान में रखते हुए सभी का पंजीयन करने का आग्रह किया। जिस को मानते हुए नगर निगम द्वारा पुनः सूची बनाकर शेष बचे हुए विक्रेताओं का पंजीयन किया। सभी सब्जी फल विक्रेताओं ने इस संबंध में शहर कांग्रेस पदाधिकारियों का [illegible] व्यक्त किया है। 4/6/21